राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद,
बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

केजीएफ को पछाड़
कांतारा बनी दूसरी...8



दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
शनिवार, 29 अक्टूबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण www.budhakasandesh.com वर्ष: 09 अंक: 308 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया
लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 सम्पादक : राजेश शर्मा उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

लेह में 75 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का राजनाथ ने किया उद्घाटन

बोले:नई ऊर्जा के साथ यात्रा शुरू कर रहा देश

लद्दाख। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज लद्दाख के दौरे पर हैं। अपने इस दौरे के दौरान रक्षा मंत्री ने लेह में श्योक सेतु सहित 75 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस मौके पर राजनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि एक साथ इतनी बड़ी संख्या में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन होना अपने आप में एक बहुत बड़ा रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि ये सभी निर्माण कार्य नए भारत को प्रकृति के रास्ते पर तेजी से आगे ले जाने में बहुत महत्वपूर्ण साबित होंगे। ऐसा मेरा पक्का विश्वास है। इसके साथ ही राजनाथ ने कहा कि मेरा पक्का विश्वास है कि देश जब एक नई ऊर्जा, नई सोच और उत्साह के साथ नई यात्रा शुरू कर रहा है तो निश्चित यह दुनिया में अपना एक नया स्थान प्राप्त करके रहेगा। इसमें ठत्व की बहुत बड़ी भूमिका होने वाली है। इसके साथ ही राजनाथ ने कहा कि अपनी शुरुआत से ही दूर–दराज के इलाकों में सड़क, टन्नल और अन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण कर राष्ट्र के प्रगति में ठत्व अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का लगातार निर्वाह कर रहा है लेकिन पिछले 6–7 सालों में ठत्व ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं वो अपने आप में अभूतपूर्व हैं। रक्षामंत्री ने कहा कि सीमाई इलाकों के विकास की कुछ खघस जरूरतें हैं, जिन पर हमने ध्यान दिया, और उन पर जमीनी स्तर पर काम भी किया॰ हमने देखा, कि इन इलाकों में समावेशी विकास की जरूरत है, जो बिना कनेक्टिविटी के संभव नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि यहाँ पर लगभग सात दशकों तक विकास की वह स्थिति नहीं आ पाई, जो देश के बाकी हिस्सों में आ गई थी। बुनियादी सुविधाओं का विकास नहीं तो शिक्षा नहीं, स्वास्थ्य नहीं, उद्योग–धंधे और रोजगार के अवसर नहीं, और समृद्धि नहीं।

गुजरात चुनाव से पहले कांग्रेस को मिली मजबूती

पूर्व सीएम शंकर सिंह वाघेला के बेटे ने थामा पार्टी का हाथ

अहमदाबाद। गुजरात चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां लगातार जारी है। गुजरात में भले ही चुनावी तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है। लेकिन कहीं ना कहीं माना जा रहा है कि आने वाले 1 या 2 दिन में तारीखों का ऐलान हो सकता है। गुजरात में भाजपा और कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला होता रहा है। हालांकि, आम आदमी पार्टी के इस बार चुनावी दंगल में कूदने के बाद से जंग काफी दिलचस्प माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि गुजरात में कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने पार्टी छोड़ दी थी जिसकी वजह से कहीं ना कहीं पार्टी की पकड़ आम लोगों तक कमजोर हुई है। इन सबके बीच गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री शंकर सिंह वाघेला के बेटे महेंद्र सिंह वाघेला कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। शंकर सिंह वाघेला के बेटे महेंद्र के कांग्रेस में शामिल होने की खबर कहीं ना कहीं पार्टी के लिए राहत भरी हो सकती है। गुजरात चुनाव से पहले यह महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है।

दिल्ली में छठ पर जारी है राजनीति

भाजपा का तंज: यमुना जी हुईं बदहाल जब से आया केजरीवाल

नई दिल्ली। नहाए खाए के साथ ही लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरुआत हो गई है। लेकिन दिल्ली में छठ को लेकर राजनीति भी खूब हो रही है। दिल्ली में यमुना नदी में जहरीले झाग साफ तौर पर दिखाई दे रहे हैं। इसको लेकर भाजपा और कांग्रेस दिल्ली की केजरीवाल सरकार पर जबरदस्त तरीके से हमलावर है। हालांकि, दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार का दावा है कि हमने छठ व्रतियों के लिए हमने कई व्यवस्थाएं की हैं। छठ घाट बनाए हैं। यमुना जी साफ हुई है। लेकिन जिस तरीके से यमुना में झाग दिखाई दे रहे हैं। उसके बाद से भाजपा केजरीवाल सरकार पर हमलावर है। भाजपा ने ट्वीट कर लिखा कि यमुना जी हुईं बदहाल जब से आया केजरीवाल। पार्टी की ओर से साफ तौर पर कहा गाय है कि यमुना जी को साफ करने की जगह केजरीवाल ने उनको और जहरीला बना डाला। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरिश खुराना ने ट्वीट कर लिखा कि मित्रों दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लोगो की जान से कैसे खेल रहे है आप खुद्द देखिए। यमुना से झाग हटाने के लिये एक केमिकल "सिलिकॉन डिफॉमर" डाला जा रहा है जो लोगो की जान से खिलवाड़ नहीं तो और क्या है। उन्होंने एक वीडियो भी साक्षा किया है। भाजपा के बैजयंत पांडा ने लिखा कि यमुना में झाग पवित्र नदी का बेशर्म अपमान है। यह गंदगी और सड़ांध का परिणाम है जो अरविंद केजरीवाल प्रशासन के भीतर है। उन्होंने लिखा कि यह ऐसी शर्म की बात है! छठ पूजा पर दिल्ली में लाखों श्रद्धालु नदी में जहरीले झाग के बीच श्अर्घ्यश देंगे। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि फिर एक बार अरविंद केजरीवाल का हिंदू विरोधी चेहरा सामने आया। कल जब हम सबने यमुना जी का बुरा हाल दिखाया और परसों अधिकारियों के साथ स्वच्छता व आस्था के पर्व छठ के लिय यमुना तट सफाई करी तो अब अपने अधिकारियों को धमका रहे हैं कि यमुना किनारे छठ नही मनाने दो.. अरविंद शर्म करो आप। भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने लिखा कि बड़े शर्म की बात है कि 7 साल में 5500 करोड़ रूपये यमुना सफाई के नाम पर बर्बाद करने के बाद भी अरविंद केजरीवाल को छठ पूजा से पहले यमुना जी के पवित्र पानी में जहर मिलाना पड़ रहा है। यह जानलेवा अपराध नहीं है तो क्या है...? कांग्रेस के संदीप दीक्षित ने साफ तौर पर कह दिया कि केजरीवाल सरकार ने केवल प्रचार प्रसार में पैसे खर्च किए हैं। 8 साल में यमुना की कोई सफाई नहीं हुई है। सिर्फ झूठ बोले गए हैं।

'अंध विश्वास' को तोड़ने के लिए भोज का आयोजन किया, पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद ने कहा, वे अज्ञानी हैं

ओडिशा में संतों और धर्मगुरुओं ने सूर्य ग्रहण के दौरान भुवनेश्वर में कुछ लोगों की ओर से एक सामुदायिक भोज में मुर्गे की बिरयानी परोसने की घटना पर रोष जताया है। खुद को तर्कवादी बताने वाले लोगों के एक समूह ने 'अंध विश्वास' को तोड़ने के लिए इस भोज का आयोजन किया था। कुछ धार्मिक संगठनों ने 'तर्कवादियों' के खिलाफ पुरी और कटक के अलग–अलग थानों में कम से कम चार प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा, "वे अज्ञानी हैं। उनके कार्य सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों के खिलाफ हैं। ग्रहण के दौरान उन लोगों द्वारा खाया गया भोजन (चिकन बिरयानी) उनके जीवन का अभिशाप हो सकता है।" उन्होंने कहा कि जो लोग बुनियादी सिद्धांतों का उल्लंघन कर नए सिद्धांत गढ़ते हैं, वे 'अपने जीवन और बड़े पैमाने पर समाज को नुकसान पहुंचाते हैं।' संत ने कहा, "नियम और परंपराएं भारतीयों के दर्शन, विज्ञान और सामाजिक व्यवहार के आधार पर बनाई गई हैं। ये बताती हैं कि किस समय क्या खाया जाना चाहिए।" प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु पद्म श्री बाबा बलिया ने भी 'तर्कवादियों' के कृत्य की निंदा की, जिन्होंने मंगलवार को 'सूर्य ग्रहण के दौरान उपवास की परंपरा को सार्वजनिक रूप से चुनौती दी थी।' उन्होंने कहा, "कोई किसी को खाना खाने से नहीं रोक सकता। लेकिन, समाज को गुमराह करना स्वस्थ संस्कृति नहीं है। सूर्य या चंद्र ग्रहण के दौरान खाली पेट रहने की प्रथा विज्ञान पर आधारित है।" इस बीच, 'तर्कवादियों' ने कहा कि वे आठ नवंबर को होने वाले चंद्र ग्रहण के दौरान भी ऐसा ही करेंगे। उत्कल विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान के सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रताप रथ ने कहा, "मैं जो मानता हूं, उसके साथ खड़ा हूं। जो कुछ भी विज्ञान पर आधारित नहीं है, उसका पालन नहीं किया जाना चाहिए। मैंने बचपन से ग्रहण के दौरान खाना खाया है और आगे भी ऐसा करता रहूंगा।" 66 वर्षीय रथ ने कहा, "मैंने किसी कानून का उल्लंघन नहीं किया है या फिर संविधान के खिलाफ काम नहीं किया है।

अब केजरीवाल ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, नोटों पर लक्ष्मी–गणेश जी की तस्वीर लगाने की मांग की

नई दिल्ली। भारतीय नोट पर किसकी तस्वीर लगनी चाहिए, इसको लेकर देश में राजनीति जमकर हो रही है। इसी कड़ी में दिल्ली के मुख्यमंत्री अपने गुजरात दौरे पर भारतीय नोटों पर भगवान गणेश और देवी लक्ष्मी के चित्र छापने की बात कही थी। अरविंद केजरीवाल के बयान को हिंदुत्व से जोड़ कर देखा गया। राजनीतिक विश्लेषकों का भी मानना है कि गुजरात में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर केजरीवाल ने इस बात की मांग की ताकि हिंदू वोटों को अपने तरफ किया जा सके। हालांकि, केजरीवाल की इस मांग से विवाद खड़ा हो गया था। लेकिन ऐसा लगता है कि केजरीवाल अपनी समान पर पूरी तरीके से अड़े हुए हैं। केजरीवाल की ओर से आज एक पत्र लिखा गया। पत्र सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा गया।

महाराष्ट्र से गुजरात शिफ्ट हुई टाटा–एअरबस परियोजना, शिंदे सरकार पर आदित्य ठाकरे का निशाना

मुंबई। टाटा–एअरबस परियोजना अब महाराष्ट्र की बजाय गुजरात में लगेगी। अब इसको लेकर महाराष्ट्र में विपक्षी दल शिंदे सरकार पर हमलावर हो गए हैं। महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा और सरकार को पूरी तरीके से फेल बताया। अपने बयान में आदित्य ठाकरे ने कहा कि यह चौथी बड़ी परियोजना है जो इस सरकार के आने के बाद महाराष्ट्र से बाहर हो गई। इसके साथ हू उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का इंजन फेल है, भले ही केंद्र अच्छा कर रहा हो, राज्य सरकार विफल रही है। एक बार भी मैंने सीएम से नहीं सुना कि टाटा–एयरबस परियोजना महाराष्ट्र में आएगी। शिवसेना नेता ने आगे कहा कि हम विपक्ष में होते हुए भी आवाज उठा रहे हैं, जब हम सत्ता में थे तब भी आवाज उठाई थी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अगर हम सत्ता में होते तो महाराष्ट्र के लिए वेदांत फॉक्सकॉन प्लांट को बरकरार रखते। आदित्य ठाकरे ने शिंदे सरकार पर राज्य की प्रगति को लेकर गंभीर न होने का आरोप लगाया और ''राज्य के हितों की रक्षा करने में नाकाम'' रहने के लिए उसकी आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री शिंदे आए दिन दिल्ली जाते हैं लेकिन वे वहां अपने लिए जाते हैं न कि महाराष्ट्र के लिए। मैंने उन्हें कभी यह कहते नहीं सुना कि टाटा–एअरबस परियोजना को महाराष्ट्र में आना चाहिए था। वेदांता फॉक्सकॉन, बल्क ड्रग पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क और अब टाटा एअरबस समेत परियोजनाएं गुजरात चली गयी हैं। हालंकि, भाजपा की ओर से पलटवार भी किया गया है।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
में सरकारी विज्ञापन, निविदा, अदालती नोटिस, सम्मान, सूचना, टैण्डर प्रकाशन के लिए आज ही सम्पर्क करें।
सभी जनपदों से आवश्यकता है पत्रकारों की
सम्पादक:– दैनिक बुद्ध का संदेश
8795951917, 9453824459
ई–न्यूज पेपर:– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

क्षेत्रीय पार्टी को नष्ट करना आसान नहीं, राष्ट्रीय दलों पर तंज कसते हुए पूर्व पीएम बोले- वे कांप रहे हैं

नई दिल्ली। 2024 चुनाव को लेकर क्षेत्रीय दलों ने अपनी ताकत लगानी शुरू कर दी है। राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्रीय दल अलग–अलग गठबंधन की कवायद में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा की पार्टी जनता दल (सेकुलर) भी लगातार गठबंधन की कोशिश कर रही है। इन सब के बीच जनता दल (सेकुलर) की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक गुरुवार को शुरू हुई। माना जा रहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा एक बार फिर से पार्टी के अध्यक्ष चुने जा सकते हैं। वहीं, क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के संदर्भ में एचडी देवेगौड़ा ने आज एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि क्षेत्रीय पार्टी को नष्ट करना आसान नहीं है। अपने बयान में एचडी देवगौड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय राजनीतिक दल क्षेत्रीय राजनीतिक दल से इतने डरे हुए क्यों हैं? इससे ही पता चलता है कि वे कांप रहे हैं। उन्होंने कहा कि न केवल कर्नाटक में बल्कि पूरे देश में एक क्षेत्रीय पार्टी को नष्ट करना आसान नहीं है। माना जा रहा है कि एचडी देवगौड़ा ने बिना नाम लिए भाजपा पर निशाना साधा है। विपक्ष लगातार भाजपा पर क्षेत्रीय दलों को खत्म करने का आरोप लगाता रहा है। जनता दल सेकुलर कर्नाटक की राजनीति में अच्छी पकड़ रखती है। एचडी देवगौड़ा के बेटे एचडी कुमारस्वामी कर्नाटक के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। कर्नाटक में गठबंधन की राजनीति में जेडीएस की भूमिका काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है। अगले साल कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जेडीएस अपनी ताकत को मजबूत करने की कोशिश में है। जेडीएस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कई बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। माना जा रहा है कि 2024 चुनाव को लेकर भी कोई बड़ा घोषणा हो सकता है। हाल में ही जेडीएस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी तेलंगाना दौरे पर गए थे। उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव से मुलाकात की थी। इसके बाद से दोनों ही पार्टियों में गठबंधन को लेकर संभावनाएं भी तलाशी जा रही है। कर्नाटक में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची भी जेडीएस की ओर से जल्द ही जारी की जा सकती है। खबर के मुताबिक जनता दल (सेकुलर) कर्नाटक विधानसभा चुनाव के

जीपीएस सिस्टम से लैस ट्रक इस बार करेंगे धान की ढुलाई

-मिल्कीपुर में बनाए गए 14 क्रय केंद्र एक नवंबर से 28 फरवरी तक होगी खरीदारी

मिल्कीपुर–अयोध्या । प्रदेश सरकार ने इस बार राइस मिलर्स और ट्रांसपोर्टर को धान ढुलाई के लिए ऐसे वाहन लगाए जाएंगे जो वाहन जीपीएस से लैस होगा ।जिन वाहनों में जीपीएस नहीं होगा, उनसे धान का की ढुलाई नहीं कराई जाएगी। इस बार शासन इसको लेकर सख्त है। यह सारी कवायद धान की चोरी, गड़बड़ी और कालाबाजारी रोकने के लिए है। प्रदेश सरकार किसानों को उनके धान का उचित मूल्य देने और सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी के तहत धान खरीदी के साथ ढुलाई के लिए जीपीएस सिस्टम से लैस ट्रकों से ही धान की ढुलाई करायी जाऐगी। मिल्कीपुर तहसील अंतर्गत आने वाले तीनों विकास खंड क्षेत्रों में किसानों के धान के तौल के लिए खंडासा, मिल्कीपुर, हैरिग्टनगंज, बारुन बाजार, कुचेरा, देवगांव, समेत 14 धान केंद्र खोले गए हैं, इन्हीं केंद्रों पर किसान अपने धान की बिक्री कर सकेंगे, धान बिक्री करने से पहले किसानों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा ।इसके बाद क्षेत्रीय लेखपाल एवं कानूनगो द्वारा किसानों के आवेदनों का सत्यापन किया जाएगा। 1 नवंबर से किसान अपने धान की बिक्री क्षेत्र में स्थापित क्रय केंद्रों पर कर सकेंगे धान की खरीदारी 28 फरवरी तक होगी ताकि किसान धान की पछेती फसल को भी आसानी से क्रय केंद्र पहुंचा कर बिक्री कर सकें। किसानों को धान की बिक्री करने से ऑनलाइन आवेदन जन सेवा केंद्र से कराना होगा उसके बाद क्षेत्रीय लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक द्वारा आवेदन का सत्यापन किया जाएगा, उसके बाद ही धान की खरीदारी की जाएगी। एसडीएम मिल्कीपुर अमित जायसवाल ने बताया कि परिवहन के लिए रजिस्टर्ड जीपीएस वाले ट्रकों से ढुलाई कराई जाएगी। तथा इन ट्रकों की मानिटरिंग की जाएगी। खरीदी केंद्रों से धान की लोडिंग होने के बाद ट्रकों के वहां से निकलने, संग्रहण केंद्र और राइस मिल पहुंचने के समय की पूरी ट्रेकिंग की जानकारी मिलती रहेगी। ट्रक में लोड धान की मात्रा सही है या नहीं इसका पूरा रिकार्ड विभाग रखेगा।

यूपी निकाय चुनाव में सभी सीटों पर मजबूती से लड़ेगी आप : सभाजीत सिंह

-निकाय चुनाव समिति अध्यक्ष ने सैंकड़ों की संख्या में लोगों को दिलाई पार्टी की सदस्यता

अयोध्या। नगर निगम चुनाव को देखते हुए आम आदमी पार्टी की तैयारी जोरों पर है. भारी संख्या में लोग आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं. इसी क्रम में आप उत्तर प्रदेश चुनाव समिति के अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने अयोध्या नगर निगम राम मनोहर लोहिया वार्ड के मोहित महराज को उनके सैकड़ों समर्थकों के साथ सिविल लाइन स्थित होटल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई. आप चुनाव समिति के अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी नगर निगम चुनाव मजबूती से उत्तर प्रदेश में लड़ेगी, केजरीवाल मॉडल को जनता पसन्द कर रही है इसलिय लोग भारी संख्या में पार्टी से जुड़ रहे हैं। चुनाव समिति के अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि जिलों में प्रत्याशी बड़ी संख्या में आवेदन लेकर जा रहे है. प्रत्याशियों के चयन में ट्रिपल सी का ध्यान रखा जाएगा. ट्रिपल सी में कैरेक्टर, करप्शन और क्रिमिनल शामिल है। यानी साफ–सुथरी छवि, भ्रष्टाचार का आरोप न हो और कोई आपराधिक रिकार्ड न हो उसे ही पार्टी प्रत्याशी घोषित करेगी ।

उन्होंने कहा जिस तरह से भारी संख्या में लोग आप की सदस्यता ले रहे हैं यह स्पष्ट रूप से इस बात की पुष्टि है कि जनता में आप की नीतियां कितनी लोकप्रिय हैं. सभाजीत सिंह ने सदस्यता ग्रहण करने वालों का शुभकामनाएं दी और उन्हें पार्टी नियमों पर चलने का संकल्प दिलाया. इस मौके पर जिला अध्यक्ष अनिल कुमार प्रजापति जिला महासचिव सुनील मौर्या, मोहित महराज, मो नदीम रजा, राजीव पाठक, रवि साहू,गायत्री मिश्रा,सूरज मिश्रा, यू के द्विवेदी, अरुण तिवारी, सौरभ मौर्य, विजय पांडे, सर्वेश मिश्रा, विशाल तिवारी, हर्षवर्धन कोरी,नवीन यादव, गुड़िया रानी, नन्हे अली, धर्मेंद्र सेठ, क्वेश्चन लाल श्रीवास्तव, यूके द्विवेदी, मोहम्मद कैफ,सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

कांग्रेस ने विजय पाण्डेय को बनाया नगर पालिका रूदौली का प्रभारी

अयोध्या। नगर पालिका व नगर पंचायत चुनाव के मद्देनजर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिला महामंत्री विजय पाण्डेय को नगर पालिका रुदौली का प्रभारी बनाया है। वह स्थानीय कांग्रेसियों से सम्पर्क करके चुनाव की रणनीति व रूपरेखा तय करेंगे। श्री पांडे ने कहा कि मुझे जो भी जिम्मेदारी पार्टी नेतृत्व द्वारा सौंपी गई है उसे बखूबी निभाऊगा किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी। उन्होंने प्रभारी बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद निर्मल खत्री का आभार जताया है।

ट्रांसजेंडर मधु किन्नर सहित 21 विभूतियों को मिला अवध रत्न सम्मान

485 जरूरतमंदों की वितरित किया गया कम्बल

अयोध्या। श्री मती शोभावती स्मृति महोत्सव के के चतुर्थ वर्ष के अंतर्गत भोलानाथ शोभावती एजुकेशनल व वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में वृहद कम्बल वितरण का आयोजन सुबहटा चौराहा, रसूलाबाद में किया गया और इस मौके पर कला, साहित्य, समाजसेवा, रक्तदान, शिक्षा आदि क्षेत्र में उत्कृत योगदान के लिए अयोध्या मंडल के 21 विभूतियों को अवध रत्न सम्मान से सम्मनित किया गया। शुभारंभ से पूर्व संस्था संस्थापक भोलानाथ चौबे, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक व पूर्व प्राचार्य डॉ. शिव कुमार मिश्रा, सोहनलाल यादव, कोषाध्यक्ष रमेश चौबे व समाजसेवी विजय सिंह बंटी ने मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। ट्रस्टी राजेश चौबे जी ने कहा सेवा की भावना का संकल्प लेकर संस्था निरन्तर सामाजिक कार्यो में लगी हुई है और संस्था का उद्देश्य ही समाज की सेवा करना है और अवध रत्न सम्मान का उद्देश्य भी यही है कि युवा पीढ़ी इन समाजसेवियों से प्रेरणा लेकर अपने में समाजसेवा का भाव विकसित कर सके।

संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने कहा कि सेवा की भावना लेकर ट्रस्ट रक्तदान, देहदान, नेत्र परीक्षण, स्वास्थ्य शिविर,पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति,शिक्षण सामग्री वितरण के साथ लाचार, असहाय व वृद्ध सेवा पर कार्यरत है। अवध रत्न सम्मान में सुल्तानपुर जनपद ट्रांसजेंडर व उत्तर प्रदेश किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्या मधु किन्नर सहित 21 अन्य विभूतियों को स्मृति चिह्न,अंग वस्त्र व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित कर अलंकृत किया गया। समाजसेवा के लिए हरैया विधायक अजय सिंह की धर्मपत्नी डॉ सुनीता सिंह, अंकुरण फाउंडेशन के उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, पंख संस्था के मनप्रीत सिंह बग्गा, द आयुष्मान फॉउंडेशन के अध्यक्ष पवन वर्मा जी, बसन्तराम व उत्तम गुप्ता को, सामाजिक आंदोलन के लिए सचिन तिवारी व सुमित तिवारी, पर्यावरण संरक्षण के लिए विवेक जैन, चिकित्सा सेवा के लिए डॉ मंजूषा पांडेय, डॉ पीयूष गुप्ता, डॉ शालिनी चौहान, डॉ कल्पना कुशवाहा, भरतकुंड महोत्सव के आयोजक डॉ अंजनी पांडेय, पद्य साहित्य के लिए अशोक टाटम्बरी,शिक्षा क्षेत्र के लिए अनूप मल्होत्रा व राम प्रकाश कन्नौजिया, रक्तदान के लिए दिव्यांग नीलेश यादव, कला के लिए गया प्रसाद आनंद, लोक गायन के लिए डॉ जान्हवी पांडेय, हिंदी भाषा के विकास के लिए डॉ सम्राट अशोक मौर्य को सम्मानित किया गया और 485 जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किया गया। लोक गयिका प्रकृति यादव द्वारा सांस्कृतिक गीत व झाकिया प्रस्तुत की गई। इस मौके पर विकास सिंह, सतीश पांडेय, जितेंद्र दुबे(मिंटू प्रधान),हरी राम यादव, केसरी तिवारी, अरुण यादव, सुरेंद्र उपाध्याय, प्रेम प्रकाश पांडेय, आशुतोष पांडेय व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

बाटी वाले बाबा के स्थान पर हुआ कुश्ती दंगल

–80 से अधिक पहलवानों ने किया प्रतिभाग

अयोध्या। अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल के तत्वाधान में राजघाट सरजू के किनारे बाटी वाले बाबा के स्थान पर विराट दंगल का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के करीब 80 से अधिक पहलवानों ने प्रतिभाग किया। पहलवानों ने खम ठोंका और उनके शानदार प्रदर्शन पर बार–बार तालियां बजती रहीं। इस दंगल का आयोजन नन्हे मियां, ओमवीर पहलवान, रामअजोर पहलवान, रामनरेश पहलवान और उनकी टीम ने करवाया। जिसमें सपा नेता पवन पांडे भावी मेयर पद प्रत्याशी शरद पाठक बाबा महंत बृजमोहन दास आदि लोग उपस्थित रहे। अतिथि के रूप में पहुंचे सपा नेता और पूर्व मंत्री पवन पांडे ने बताया कि दंगल का आयोजन करने के लिए पूरी आयोजक मंडली को धन्यवाद देना चाहता हूं।जिन्होंने पूरे प्रदेश से पहलवानों को इकट्ठा कर एक मंच पर पहुंचाया है दंगल में आए सभी पहलवानों का अभिनंदन करता हूं।

दर्जनों पहलवानों ने दंगल में दिखाया दम

बारुन–अयोध्या ।चौकी क्षेत्र बारुन बाजार के हल्ले द्वारिकापुर गांव में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता के दंगल में दर्जनों पहलवानों ने दमखम दिखाया ।हल्ले द्वारिकापुर के मजरे पंडितपुर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष इस वर्ष भी पूर्व प्रधान स्वर्गीय विजय तिवारी की छठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर अयोजित दंगल में दर्जनों पहलवानों ने अपने दांवपेच से विरोधियों को चित करने के साथ–साथ मल्ल युद्ध के कौशलों का प्रदर्शन कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। ओपन चौलेंज प्रतियोगिता में सोहावल के पहलवान राजेश कुमार विजेता तथा मुमताज नगर के पहलवान सत्येंद्र कुमार उपविजेता रहे ।मुख्य अतिथि मिल्कीपुर तहसील के राजस्व निरीक्षक अशोक तिवारी ने पहलवानों को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया ।दंगल प्रतियोगिता के अध्यक्ष अमित कुमार तिवारी उर्फ अंकुर तिवारी,पवन कुमार तिवारी,शिव कुमार उपाध्याय,रवि कुमार पांडेय,दीपक उपाध्याय,अमित कुमार पांडे आदि लोगों ने आयोजन में विशेष भूमिका अदा किया। दंगल प्रतियोगिता में सैकड़ों खेल प्रेमियों ने कुश्ती के खेल का आनंद लिया।

ड्रोन से निगरानी और वन विभाग की टीमें तलाश करती रहीं

तेंदुआ का पता 24 घंटे बाद भी नहीं चल सका

कानपुर ।भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में हवाई पट्टी के पास सुबह सुरक्षा एजेंसी के गार्ड को दिखे तेंदुआ का पता 24 घंटे बाद भी नहीं चल सका है। पूरा दिन ड्रोन से निगरानी और वन विभाग की टीमें तलाश करती रहीं लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। वहीं एक वीडियो वायरल हुआ है,जिसे संस्थान के सुरक्षा प्रबंधन ने फर्जी बताया है। इसके बाद से दहशत और बढ़ गई है। फिलहाल वन विभाग की टीम कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाकर तेंदुए की तलाश कर रही हैं। ड्रोन कैमरों की मदद से एयर स्ट्रिप के आसपास जंगल में तेंदुए को ढूंढा गया लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इस बीच संस्थान में तेंदुआ घूमने का वीडियो वायर हो गया, जिससे दहशत बढ़ गई। सुबह भी एक वीडियो वायरल हुआ, इसमें तेंदुए को हास्टल के पास कारीडोर से सटा खड़ा दिखाया जा रहा है। इस वीडियो को देखने के बाद सुरक्षा अधिकारी वन विभाग की टीम के साथ तुरंत हास्टल पहुंचे और वहां लगे कैमरों की फुटेज खंगाली लेकिन उसमें तेंदुआ कहीं नजर नहीं आया। वायरल वीडियो को बताया फर्जीः सुरक्षा प्रभारी प्रो.जे.रामकुमार ने बताया कि जो वीडियो वायरल हो रहा है, वह फर्जी है। उसे किसी ने जानबूझकर दहशत बढ़ाने के लिए तस्वीर में तेंदुए की पुराना वीडियो जोड़कर (इमेज मार्फिंग तकनीक से) बनाया है। अबतक संस्थान परिसर में कहीं भी तेंदुआ होने का प्रमाण नहीं मिला है। कई स्थानों पर कैमरे लगाए जा रहे हैं। साथ ही सुरक्षाकर्मियों को भी अलर्ट करके जंगल के क्षेत्र से संस्थान की ओर सभी स्थानों पर तैनात किया गया है।

सरकार की जनविरोधी नीतियों को आम जनता तक ले जाना होगा : सत्यभान

–मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की हुई बैठक

अयोध्या। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ब्रांच मया की मीटिंग आज ग्राम सभा मलखानपुर के सिहोरिया गांव में पार्टी के ब्रान्च सचिव कामरेड अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्यरूप से पार्टी नेता व ट्रेड यूनियन के नेता कामरेड के आर यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे और ब्रान्च प्राभारी सत्यभान सिंह जनवादी मौजूद रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए ब्रान्च प्राभारी व पार्टी जिला कमेटी सदस्य सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए हम सबको पूरी ईमानदारी व ताकत के साथ लगना होगा और नए सदस्य बनाना होगा और सरकार की जनविरोधी नीतियों को आम जनता तक ले जाना होगा ताकि सरकार की विफलताओं को जनता जान सके और स्थानीय सवालों को बड़ी प्रमुखता से उठाना होगा।साथ ही साथ ब्लाक के सभी गांवों के विकास की योजनाओं और कामो की धांधली के खिलाफ भी जनसूचना के तहत जानकारी करके गडबडियों के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने की योजना बनाना होगा। ट्रेड यूनियन के प्रांतीय नेता कॉ केआर यादव ने कहा कि आज जब देश नफरत व हिंसा की राजनीति चरम पर हो तो ऐसी दशा में हमारी और जिम्मेदारी बढ़ जाती है। हम सबको एकजुट होकर लड़ना होगा और पार्टी को मजबूत करने के लिए नबम्बर के अंतिम सप्ताह में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। बैठक में रिटायर वरिष्ठ प्रधानाचार्य सूर्य प्रकाश सिंह जी,गुड्डू सिंह ,अतुल वर्मा,अनिक वर्मा,सुनील यादव,नागेंद्र पाल,अखिलेश सिंह,गौरव सिंह आदि साथी मौजूद रहे।

छठ महापर्व की तैयारियां शुरू,बनाए जाएंगे पांच कृत्रिम तालाब

कानपुर ।लोक आस्था का महापर्व छठ 28 से 31 अक्टूबर तक मनाया जाएगा,जिसकी तैयारियां शहर के घाटों पर शुरू हो गई हैं। नदी और नहर किनारे बेदियों की सजावट की जा रही है और घाटों को सुंदर बनाया जा रहा है। शुक्रवार से सुहागिनें नहाय खाय,खरना पूजन,संध्या अर्घ्य और उदय होते हुए सूर्य देवता को अर्घ्य देकर छठ मइया से संतान की दीर्घायु,सुख–समृद्धि और परिवार कल्याण का वर मांगेंगी। शहर में इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। गंगा तट और नहरों पर वेदियों को सजाया जा रहा है। गोला घाट,सिद्धनाथ घाट,सीटीआइ नहर,पनकी नहर, अर्मापुर नहर,शास्त्री नगर में सार्वजनिक पूजन किया जाएगा।

अपार्टमेंटों में भी कृत्रिम तालाब बनाकर पूजन की तैयारी है। छठ पूजा को लेकर नगर निगम ने भी तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए पांच कृत्रिम तालाब बनाए जाएंगे, जहां 20 हजार लोग पूजा कर सकेंगे। बड़ा सेंट्रल पार्क शास्त्रीनगर,छोटा सेंट्रल पार्क शास्त्रीनगर,पीली कालोनी पार्क शास्त्रीनगर,जेपी पार्क विजयनगर,आनंदराव पार्क शास्त्रीनगर में कृत्रिम पार्क का निर्माण कराया जाएगा। वहीं,नगर आयुक्त शिव शरणप्पा जीएन ने बताया कि अभियंत्रण और स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को छठ पूजा स्थलों की सफाई के साथ ही पैचवर्क और कृत्रिम तालाबों के निर्माण का निर्देश दिया गया है।

महापर्व छठ की तैयारियां में लोगों ने नहर किनारे वेदियां बनाना शुरू कर दी हैं, लेकिन यहां अव्यवस्था हावी है। नहरें कूड़े–कचरे से पटी पड़ी हैं। गंदगी के चलते किनारों पर बैठना तक मुश्किल है। इससे लोगों में आक्रोश है।

महिला के फांसी लगाने का वीडियो बनाने वाले आरोपी पति को भेजा जेल

सास–ससुर समेत अन्य लोगों की भूमिका की होगी जांच

कानपुर ।शहर में महिला के फांसी लगाने के दौरान वीडियो बनाने के आरोपी पति को पुलिस ने जेल भेज दिया। जांच में सामने आया कि पति ने कभी पत्नी के साथ मारपीट नहीं की। दहेज उत्पीड़न का आरोप भी लड़की के परिजनों ने कभी नहीं लगाया। तो आखिर ऐसी कौन सी वजह थी,जिससे दंपती में रोजाना झगड़े होते थे और फिर मामला सुसाइड तक पहुंच गया। पति बोला– बहुत जिद्दी थी शोभिताः हनुमंत विहार थानाध्यक्ष अभिलाष मिश्रा ने बताया कि संजीव ने पूछताछ में बताया कि शोभिता शुरू से बहुत जिद्दी थी और छोटी–छोटी बात पर झगड़ा करती थी। पिछले साल भी चाकू लेकर उसने हाथ की नस काटने की धमकी दी थी। उसकी हरकतें मायके वालों को भी बताई थीं। संजीव ने बताया कि घर पर भाई–भाभी समेत सभी ने हंसी खुशी दीपावली का त्योहार मनाया था। मंगलवार को भाई–भाभी के साथ उसे भी हर साल की तरह पैतृक आवास बिंदकी जाना था। इस बार शोभिता सुबह से भड़की थी और वह बिंदकी नहीं जाना चाहती थी। वह वक्त न देने को लेकर उससे झगड़ा करने लगी। इसपर भाई–भाभी बिंदकी चले गए थे और वह दोनों घर पर ही थे। ससुरालियों की भूमिका की भी होगी जांचः इस मामले में मायके वालों ने पति पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है। हनुमंत विहार पुलिस ने आरोपी संजीव को जेल भेज दिया है। तहरीर में ससुराल वालों को भी आरोपी बनाया गया है, लेकिन कोई नामजद नहीं है। पुलिस अब सास–ससुर समेत अन्य लोगों के भूमिका की भी जांच कर रही है। पिता राज किशोर गुप्ता ने बताया ,18 फरवरी 2017 को शोभिता की शादी संजीव गुप्ता से की थी। संजीव की सागर मार्केट में मोबाइल की दुकान है। शादी के बाद से ही शोभिता और संजीव में छोटी–छोटी बातों पर झगड़ा होता रहता था। 25 अक्टूबर को उसे इतना परेशान किया कि उसने जान दे दी।

लोगों के वापस लौटने का दिखाअसर

कानपुर ।दीपावली बाद लोगों के वापस लौटने का असर ट्रेन,बस और फ्लाइट पर दिखने लगा है। इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि झकरकटी बस अड्डे से दिन में 10 बजे हरदोई, उन्नाव, फतेहपुर और पूर्वांचल रूटों की बसें 10–10 मिनट में फुल होकर गईं। दिल्ली के लिए यात्री बसें खोजते रहे। इसके साथ ही फ्लाइट पर भी यात्री लोड का असर दिख रहा है। इसके चलते प्लेन का कानपुर से दिल्ली का किराया 7000 रुपये पार कर गया है,जबकि सामान्य भाड़ा 3600 से लेकर 4200 ही रहता है। ट्रेनों में भी कन्फर्म सीट के लिए मारामारी है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि श्रमशक्ति एक्सप्रेस और स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस में एक–एक वीआईपी सीट के लिए इमरजेंसी कोटा में 75– 75 आवेदन लगाए गए हैं। ऐसे में वीआईपी कोटा आवंटित करने वाले अधिकारी भी असमंजस में रहे।

एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी

मिल्कीपुर–अयोध्या। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर जा रही एक गर्भवती महिला का एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराने का मामला प्रकाश में आया है ।तहसील मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत भवननगर की आशाबहू गीता तिवारी ने 108 पर फोन करके एम्बुलेंस संख्या यूपी 32 बीजी 9448 को गांव में बुलाया और गर्भवती महिला मीना पत्नी संदीप कुमार को अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस पर बैठाया गया। सीएचसी मिल्कीपुर जाते समय रास्ते में अचानक प्रसव पीड़ा बढ़ जाने पर ड्राइवर प्रभुनाथ ने एम्बुलेंस को सड़क के किनारे रोक दिया और एम्बुलेंस में तैनात ईएमटी रामविचार मौर्या ने आशाबहू तथा ड्राइवर के सहयोग से एम्बुलेंस में ही महिला का सुरक्षित प्रसव आपातकालीन परस्थितियों में कराया ।गर्भवती महिला ने एक पुत्री को जन्म दिया है ।इसके बाद जच्चा–बच्चा दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर ले जाकर भर्ती कराया ।स्टाफ नर्स व डॉक्टरों ने जच्चा और बच्चा दोनो का स्वस्थ्य परीक्षण कर बताया कि दोनो स्वस्थ हैं ।आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित प्रसव कराने से महिला के परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए एंबुलेंस कर्मियों की सराहना किया है।

सेना में भर्ती कराने के नाम पर ठगी, पांच गिरफ्तार

अयोध्या। सेना भर्ती के नाम पर ठगी के मामले में कैंट पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए आरोपियों में 3 सेना के पूर्व कर्मचारी व दो वर्तमान सेना के कर्मचारी शामिल है। यह पांचों लोग 34 लोगों से 50–50 हजार रुपए लेकर सेना के रक्षा सेवा कोर में भर्ती कराने के नाम पर ठगी की थी। कैंट पुलिस ने पांचों लोगों के पास से ठगी के 17 लाख रुपए बरामद किए हैं। मामले में डोगरा रेजिमेंटल सेंटर के मेजर सुधीर कुमार यादव ने कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था जिसके बाद कैंट पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी में भूतपूर्व सैनिक लियाकत अली भूतपूर्व सैनिक कुलदीप सिंह भूतपूर्व सैनिक जनक राज वर्तमान में हवलदार नर्सिंग सेवा व जितेंद्र वर्मा हवलदार क्लर्क परीक्षित पाल को गिरफ्तार किया है ।सभी गिरफ्तार आरोपियों को गोरखपुर भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय में पेश किया गया। मामले की जांच सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह कर रहे हैं।

राहुल के हत्यारों को 24 घटे के अंदर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

नेपाल भागने के फिराक में थे आरोपी, पुलिस ने प्लान को किया नाकाम

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। लक्ष्मी पूजा विर्सजन के दौरान देर रात्री लगभग 01.00 बजे डीजे बजाने को लेकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक युवक राहुल वर्मा पुत्र सुरेश वर्मा निवासी ग्राम मुडिला थाना व जनपद सिद्धार्थनगर के पेट मे धारदार चाकू मारकर घायल कर दिया गया, जिसे पुलिस के सहयोग से जिला अस्पताल लाया गया जहां पर मजरूब की मृत्यु हो गयी जिसके सम्बंधा मे थाना सिद्धार्थनगर पर मु0अ0सं0 307ध्2022 धारा 302 भा0द0वि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था, पुलिस अधीक्षक महोदय घटना–स्थल का तत्काल निरीक्षण कर अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। गठित टीम द्वारा अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व अखिलेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में कल शुक्रवार को पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित हत्या की घटना कारित करने वाले 05 अभियुक्तो को बढेया गांव के पास स्थित पुलिया से शुक्रवार समय सुबह 09.20 बजे गिरफ्तार कर घटना का 24 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण किया गया। पुलिस के पूछ ताछ में आरोपी ने बताया कि विर्सजन के दिन हम लोग शराब पी करके डीजे पर डान्स कर रहे थे कि हम लोगो के डोले के सामने दूसरे कमेटी का डोला आया और डीजे बजाने मे हम लोगो के साथी मोनू यादव से राहुल का हाथापाई हो गया जिस पर सागर यादव द्वारा उसके पेट मे चाकू मार दिया गया राहुल वहां तुरन्त गिर गया जिसके बाद सागर तुरन्त वहा से भाग गया जब हम लोगो को पता चला की घायल लडके की मृत्यु हो गयी है तो हम लोग नेपाल भागने के फिराक मे थे। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि 24 घंटे के अंदर हत्या का खुलासा किया गया है और संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके जेल भेज दिया गया।

पत्नी ने प्रेमिका के साथ मिलकर की थी हत्या, पुलिस ने किया खुलासा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। पत्नी द्वारा प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या करने वाली सनसनीखेज घटना का थाना कठेला समय माता पुलिस द्वारा अनावरण अमित कुमार आनंद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा अपराध नियन्त्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण में व जयराम, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल निर्देशन में सतीश कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कठेला समयमाता के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा 24 अक्टूबर को अफसाना खातून पत्नी नईम उर्फ रमजान निवासिनी गौरडीह टोला चौधारीडीह थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अपने पति नईम उर्फ रमजान पुत्र मोहसिन की गुमशुदगी दर्ज करायी गयी थी। उक्त गुमशुदगी की जाँच प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह के निर्देशन में उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार यादव द्वारा की जा रही थी। पुलिस जांच के क्रम में गुमशुदा व्यक्ति नईम उर्फ रमजान की पत्नी अफसाना खातून व तूफैल पुत्र ऐनुल्लाह निवासी कठेला गर्वी टोला पण्डितपूरवा थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर का प्रेम सम्बन्ध के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई। संदिग्धता के आधार पर अफसाना खातून व तूफैल से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि अफसाना खातून व तुफैल के मध्य प्रेम सम्बन्ध था जिसमें अफसाना का पति नईम उर्फ रमजान बाधक बन रहा था। इसके कारण उनके द्वारा रमजान को अपने रास्ते से हटाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से अफसाना खातून द्वारा 23 अक्टूबर को रात्रि मे अपने पति के खाने में जहर मिला दिया गया तथा नईम उर्फ रमजान की मृत्यु निश्चित करने के लिए तार से गला कस दिया गया। रमजान की मृत्यु के उपरान्त उसके शव को छिपाने के उद्देश्य से 23 अक्टूबर की रात्रि में ही दोनों ने मिलकर शव को मृतक की मोटरसाईकिल पर रखकर सौरहवा ग्राण्ट ग्राम के सिवान में खेत में फेंक दिया गया तथा मृतक की मोटरसाइकिल को इटवा क्षेत्र में खड़ा कर मृतक के मोबाइल को तोड़कर पानी में फेक दिया गया। पुलिस ने दिन गुरुवार को मृतक नईम उर्फ रमजान का शव बहद ग्राम सौरहवा ग्राण्ट सिवान स्थित धान के खेत से बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने जानकारी देते हुए कहे कि दोषियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

बाढ़ के दौरान मृतक के परिवार के परिजनों को मिला सहायता राशि

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भीषण बाढ़ के दौरान मृतक के परिवार के परिजनों को सहायता राशि जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करा दी गयी है जिसमें दिन सोमवार को मृतक राज सिंह चौहान के आश्रित पुत्र राजकुमार, पिता रामबरन को धनराशि रू0 4.00 लाख, तथा दिनांक 20.10.2022 को मृतक स्व0 सुरेश के आश्रित पत्नी सुनीता को धनराशि रू0 4.00 लाख, दिनांक 18.10.2022 को स्व0 बबिता के पति लक्ष्मण को धनराशि रू0 4.00 लाख, दिनांक 16.10.2022 को स्व0 जयशंकर पुत्र रमेश एवं पिता रामसुभग को धनराशि रू0 4.00 लाख, की अहेतुक सहायता राशि उनके बैंक खाते में हस्तान्तरित कर दी गयी है। इसके अलावा भगौतापुर तप्पा कोड़री तहसील बांसी में 03 आवासीय पक्का मकान पूर्ण क्षतिग्रस्त हुआ है जिसके लिए दिनांक 06.10.2022 को गोमती पुत्र रामजतन को रू0 1 लाख 20 हजार, दिनांक 12.10.2022 को लल्ले पुत्र कन्हई को रू01 लाख 20 हजार तथा दिनांक 14.10.2022 को इल्ले उर्फ राजाराम पुत्र कन्हई को रू01 लाख 20 हजार की सहायता राशि उपलब्ध करा दी गयी है। जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ बिभीषिका में मृतक के परिवार के लोगो को सहायता राशि को देने में पूरी तत्परता के साथ जिला प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) उमाशंकर द्वारा एक विज्ञप्ति के माध्यम से दिया गया है।

छट्ठ घाट पर विषेश रखा जाये ध्यान: उपजिलाधिकारी दिनेश मिश्र

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। नौतनवां नगर के सभी तीनो छट्ठ घाट डॉ0 राम

मनोहर लोहिया छट्ठ घाट, भुंडी छट्ठ घाट व दोमुहान छट्ठ घाट पर नौतनवां नगर पालिका अध्यक्ष गुड़डू खान की अगुआई में मनाए जाने वाले छट्ठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेने पहुचे उपजिलाधिकारी नौतनवा दिनेश मिश्र ने सभी तैयारियों को बड़ी ही बारीकी से जांचा और कुछ छूटे कार्यो की तरफ ध्यान दिलाया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नौतनवां ने बताया कि ष्नगर के सभी छट्ठ घाट का निरीक्षण किया गया है कार्य संतोषजनक है घाट पर आने वाले व्रतियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि ष्पालिका द्वारा सभी व्यवस्थाए चाक चौबंद करने में कर्मचारी जुटे हुए है और समय रहते सभी व्यवस्थाएं चुस्त–दुरूस्त कर ली जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नौतनवा अनुज कुमार सिंह, थानाध्यक्ष नौतनवा सुनील कुमार राय, शाहनवाज खान, अशोक कुमार, प्रमोद पाठक, राजकुमार गौड़, गोविन्द प्रसाद, खुर्शेद आलम व प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा।

नौकरी और शादी का लालच देकर महिला एवं बच्चों की करते थे खघरीद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली। पुलिस चौकी सोनौली में स्वरक्षा मानव तसकरी रोध कार्यक्रम के अन्तर्गत कोर कमेटी बैठक थाना अध्यक्ष सोनौली महेंद्र यादव के अध्यक्षता में बैठक किया गया पुर्वांचल ग्रामीण समिति शाखा नौतनवां के कैमुनियुटी मोबीलाइजर कृष्ण कुमार द्वारा मानव तसकरी रोकथाम के लिए घरेलू दास्तां, बंधुआ मजदूर, प्रकृति आपदा उनके द्वारा बताया गया एवं थाना अध्यक्ष महेन्द्र यादव द्वारा मानव तसकरी दुनिया का सबसे बड़ा तीसरा संगठन अपराध है इससे बचने के लिए सरकारी संस्था गैर सरकारी संस्था को एक होकर इस अपराध को रोकना होगा एवं पुलिस चौकी सोनौली प्रभारी मनीषा सिंह द्वारा बताया गया की मानव तसकरी नौकरी का लालच, शादी का लालच, देकर महिला एवं बच्चों का खरीद फरोख्त करते हैं महिलाओं को योन शोषण बच्चों का अंग ब्यापार करते हैं, इसके उपरांत एस एस बी 66बी वाहिनी परितोष द्वारा बताया गया की मानव तसकरी रोकने के लिए हम सभी को रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, पकडंडी रास्ते की निगरानी करना जरूरी है जिससे मानव तसकरी में कमी आये नेपाल के सब इंस्पेक्टर लक्ष्मन द्वारा बताया गया की अंग निकालना, बल पूर्वक किराये की कोख, भिख मंगवाना ये मानव तसकरी का लक्षण है। एवं एस एस बी 22 वाहिनी के इन्स्पेक्टर मुकेश कुमार द्वारा बताया गया की गांव में व बाजार जहा लगता है वहा के लोगों मानव तसकरी रोकने हेतु जागरूक करे और सरकारी टोल फ्री नंबर पर जागरूक करे उपस्थित प्लान इण्डिया के अजय कुमार, मानव संस्थान के चन्द शेखर, चाइल्ड लाइन शुभम, वैशवनबी, शुभ अवसर ग्राम नेपाल के निजामुद्दीन पठान, बिकाश, माइती नेपाल जानूका पुर्वांचल ग्रामीण समिति शाखा नौतनवां के कृष्ण कुमार, पुष्पा चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

सर्पदंश से व्यक्ति की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र उसका बाजार के ग्राम पंचायत बगही के टोला महनी मे पूर्णवाशी पुत्र स्वर्गीय सर्वजीत को दिन गुरुवार को अपने खेत में पानी चलाने के लिए गया था तभी सर्प ने पैर में काट लेता है पूर्णवासी जल्दी जल्दी खेत से घर के लिए आता है और अपने परिवार से बता देता हैं इतना सुनते ही परिवार के सदस्यों में खलबली मच जाती है और आनन फानन में मेडिकल कॉलेज ले जाया जाता है और वहा डॉक्टर हालत गंभीर देखते हुए गोरखपुर के लिए रेफर कर देते है और रास्ते में ही पूर्णवासी की मौत हो जाती है जिससे परिवार में कोहराम मच जाता है वही स्थानीय नेता अनूप सिंह ने कहा कि मृतक व्यक्ति को सरकार द्वारा लाभ दिलाया जायेगा।

एसडीएम ने छठ पूजा को लेकर घाट का किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौल/नौतनवां। आदर्श नगर पंचायत सोनौली छठ पूजा

को लेकर शुक्रवार को रोहिणी नदी स्थित श्याम काट छठ घाट का निरीक्षण किया गया एसडीएम नौतनवां दिनेश मिश्रा, वा सोनौली इंस्पेक्टर महेंद्र यादव और नगर पंचायत सोनौली के अधिशासी अधिकारी के साथ नदी के दोनों तरफ छठ पूजा स्थल को निरीक्षण कर स्थानों को चिन्हित किया गया ताकि श्रद्धालुओं अपना उचित स्थान लेकर छठ पूजा बेदी बनाकर पूजा की तैयारी में लग जाए। इस निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत सोनौली के समस्त चेयरमैन प्रत्याशी बैजू यादव सोनौली व्यापार मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह वा सभासद प्रत्याशी मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा पर निकली भब्य कलश यात्रा

दैनिक बुद्ध का संदेश, गोला/गोरखपुर। गोला क्षेत्र के दुबौली गांव में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के उपलक्ष्य में 28 अक्टूबर को एक भब्य कलश यात्रा निकली जिसमे ध्वनि विस्तारक यंत्रों के साथ साथ हाथी, घोड़ा, ऊंट, तुड़ुही, ताशा और बैण्ड बाजा से सुसज्जित 151 कुंवारी कन्या पित वस्त्र धारण कर गोला सरयू घाट पर जल ग्रहण करने निकली। ग्राम पंचायत दुबौली में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा 28 अक्टूबर दिन शुक्रवार से आयोजन कीया गया है। जिसके तहत आज भब्य कलश ग्रहण शोभा यात्रा निकाली गयी। इस कलस यात्रा में 151 कुवारी कन्या पितवस्त्र धारण कर भक्तिमय गीत गान करते हुए निकली। इस भब्य कलस यात्रा में हाथी घोड़ा, ऊंट, तुणुही, ताशा, सिंहा, नगाणा, बैण्ड बाजा और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के साथ भक्तिमय गीत पर झुमते क्षेत्रीय ग्रामीण अपने–अपने वाहनों के साथ सम्मिलित थे। यह शोभा यात्रा दुबौली से चलकर भीतरी, रामनगर, जानीपुर, डाड़ी, डड़वापार चौराहा, चिलवां, पटौहां, पड़ौली होते हुए। गोला सरयू घाट पर जल ग्रहण करने पहुची। वहां से जल ग्रहण कर पुनः इसी मार्ग से यज्ञ स्थल तक पहुची। इस यज्ञ की मुख्य यजमान कौशल्या देवी, धर्म प्रकाश राय, राकेश राय, जय प्रकाश राय है। यज्ञाचार्य भागवत वक्ता अयोध्या धाम से पधारे आचार्य सौरभ कृण्ण जी महराज है। इस कार्यक्रम में भाष्कर राय, बबलू राय, इंद्रसेन राय, गोल्डी राय, दीलीप, संतोष, आदि सहित हजारों की संख्या में लोग सम्मिलित रहे।

सम्पादकीय

हर मूल्य के पाउंड पर सामने की तरफ महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की तस्वीर होती है और अलग अलग मूल्य के पाउंड पर दूसरी ओर एलन ट्यूरिंग से लेकर विंस्टन चर्चिल तक की तस्वीरें हैं। महारानी के निधन के बाद तस्वीर बदल सकती है और किंग चार्ल्स तृतीय की तस्वीर छप सकती है। अलग अलग मूल्य के डॉलर...

नोट पर किसकी तस्वीर लगे?

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने भारतीय मुद्रा पर लगने वाली तस्वीर को लेकर काफी समय से चल रही बहस को आगे बढ़ाया है। कुछ दिन पहले भाजपा के नेता सुब्रह्मण्यम स्वामी ने एक कार्यक्रम में रुपए पर लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर लगाने की बात कही थी। अब अरविंद केजरीवाल ने भी यहीं बात कही है। उन्होंने कहा है कि दिवाली के मौके पर लक्ष्मी पूजन करते हुए उनके दिमाग में यह बात आई। उनके कहने के बाद उनकी पार्टी ने प्रेस कांफ्रेंस करके कहा कि यह सिर्फ अरविंद केजरीवाल का सुझाव नहीं है, बल्कि देश के 130 करोड़ लोगों का सुझाव है। पता नहीं केजरीवाल को 130 करोड़ लोगों का प्रतिनिधि किसने बना दिया? बहरहाल, केजरीवाल के सुझाव से यह बहस चल निकली है। इसके राजनीतिक पहलू अपनी जगह हैं लेकिन उनके सुझाव से यह सवाल उठा है कि क्या रुपए पर दूसरी तरफ कोई तस्वीर छपनी चाहिए? एक तरफ महात्मा गांधी की तस्वीर होती है, जिसके बारे में केजरीवाल ने कहा कि उसे बनाए रखा जाए और दूसरी तरफ लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर लगे। इससे पहले भाजपा और कई हिंदुवादी संगठनों के नेता कुछ दिन पहले से मांग कर रहे हैं कि रुपए पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर भी लगे क्योंकि आजादी की लड़ाई में उनका योगदान भी महात्मा गांधी से कम नहीं है। सो, लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर का मुद्दा आने से पहले सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर लगाने का मुद्दा आ चुका है। उससे भी पहले सोशल मीडिया में एक बड़ा समूह था, जो विनायक दामोदर सावरकर की तस्वीर लगाने की मांग करता था। जब केजरीवाल ने लक्ष्मी व गणेश की तस्वीर लगाने का सुझाव दिया तो कई लोगों ने कहा कि सावरकर की तस्वीर न लगे, इसलिए केजरीवाल ने यह सुझाव दिया है। सो, रुपए पर तस्वीर लगाने के लिए नेताजी, सावरकर और लक्ष्मी व गणेश का प्रस्ताव आ चुका है। अगर दुनिया की दो सबसे मजबूत और लोकप्रिय मुद्राओं– डॉलर और पाउंड को देखें तो उन पर अलग अलग लोगों की तस्वीरें होती हैं। हर मूल्य के पाउंड पर सामने की तरफ महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की तस्वीर होती है और अलग अलग मूल्य के पाउंड पर दूसरी ओर एलन ट्यूरिंग से लेकर विंस्टन चर्चिल तक की तस्वीरें हैं। महारानी के निधन के बाद तस्वीर बदल सकती है और किंग चार्ल्स तृतीय की तस्वीर छप सकती है। अलग अलग मूल्य के डॉलर पर भी जॉर्ज वाशिंगटन से लेकर अब्राहम लिंकन की तस्वीरें हैं। सो, भारत में भी अलग अलग मूल्य के रुपए पर एक तरफ महात्मा गांधी की फोटो रखते हुए दूसरी ओर अन्य महापुरुषों की तस्वीर लगाई जा सकती है। जैसा कि केजरीवाल ने कहा है कि लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर भी लगाई जा सकती है।

गौरतलब
गुटारेश की बातें

इस प्रश्न पर देश में आत्म–मंथन होना चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव को भारत में आकर यह बुनियादी बात कहने की जरूरत क्यों महसूस हुई? और ये बातें आज सरकार की आलोचना क्यों मालूम पड़ती हैं? संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटारेश ने भारत पहुंचते ही जो टिप्पणी की, उससे यह अंदाजा लगता है कि आज दुनिया की मुख्यधारा भारत को किस नजर से देख रही है। गुटारेश एक आधिकारिक पद पर हैं। इसलिए वे जो कहते हैं, उसे एक तरह से संयुक्त राष्ट्र का बयान भी समझा जाता है। इसीलिए उनकी बातों को सिरे से नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, हालांकि भारतीय मीडिया के ज्यादातर हिस्से में ऐसे ही किया गया है। गौरतलब है कि गुटरेश की यात्रा की शुरूआत मुंबई से हुई। उन्होंने मुंबई के होटल ताज पैलेस में 26ध्11 के आतंकवादी हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि दी। वहां उन्होंने कहा कि कोई भी कारण आतंकवाद को सही नहीं ठहरा सकता। मुंबई की घटना को उन्होंने इतिहास की सबसे बर्बर आतंकवादी हमलों में एक बताया। इसके बाद वे आईआईटी बॉम्बे के छात्रों को संबोधित करने गए। वहां उन्होंने भारत को अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की सीख दी। कहा– ष्मानवाधिकार परिषद के एक निर्वाचित सदस्य के रूप में भारत पर वैश्विक मानवाधिकारों को आकार देने और अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों समेत सभी व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा और उसे बढ़ावा देने की जिम्मेदारी है। मानवाधिकारों के सम्मान के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता दिखाकर ही विश्व में भारत अपनी बात को स्वीकार्यता और विश्वसनीयता दिला सकता है।ष इस प्रश्न पर देश में आत्म–मंथन होना चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव को भारत में आकर यह बुनियादी बात कहने की जरूरत क्यों महसूस हुई? क्या इसकी वजह दुनिया में इस आलोचना की बढ़ती विश्वसनीयता नहीं है कि भारत में अल्पसंख्यकों के उत्पीडन और उनके खिलाफ हेट स्पीच में तेजी आई है? साथ ही सरकार के आलोचकों के प्रति भी नफरत बढ़ी है? गुटारेश ने पत्रकारों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, छात्रों और शिक्षाविदों के अधिकारों और उनकी आजादी की रक्षा करने और भारत की न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। वैसे गुटेरेश ने ब्रिटेन से आजादी के 75 साल बाद भारत की उपलब्धियों की प्रशंसा भी की। मगर इसमें भी यह सूक्ष्म टिप्पणी थी– ष्बहुलता का भारतीय मॉडल एक सरल लेकिन गहरी समझ पर आधारित है। विविधता एक ऐसी खूबी है जो आपके देश को मजबूत बनाती है।ष

लक्ष्मी-गणेश की फोटो और समृद्धि

अरविंद केजरीवाल की अपनी राजनीति होगी। उनकी अपनी महत्वाकांक्षाएं होंगी। लेकिन माफ कीजिएगा शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह आपकी राजनीतिक सफलता या आपकी महत्वाकांक्षा पूरी करने का टूल नहीं हो सकते हैं। आप अपनी दो कौड़ी की राजनीति के लिए भगत सिंह या किसी भी शहीद के नाम का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। आपने और इस देश के नेताओं ने पहले ही गांधी...

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर केंद्र सरकार को सुझाव दिया कि भारतीय मुद्रा पर धन की देवी माने जाने वाली लक्ष्मीजी और विघ्नों को दूर करने वाले भगवान गणेश की तस्वीरें छापी जाएं, ताकि भारत का हर परिवार अमीर बन सके। आईआईटी खड़गपुर से शिक्षा प्राप्त भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी रहे, मैग्सेसे सम्मानधारक अरविंद केजरीवाल का ऐसा मानना है कि नोट पर अगर लक्ष्मी–गणेश की फोटो भी छपी हो तो इससे देश की अर्थव्यवस्था सुधार जाएगी। उन्होंने अपनी बात में वजन डालने के लिए इंडोनेशिया का उदाहरण दिया, जो मुस्लिम बहुल देश है, लेकिन उसकी मुद्रा पर गणेश जी की तस्वीर है। अरविंद केजरीवाल के प्रस्ताव को समर्थन देने के लिए उनकी पार्टी की विधायक आतिशी सिंह ने भी अपील की और इसे सीधे 130 करोड़ लोगों की भावना करार दे दिया। आम आदमी पार्टी के मुखिया और उनके इस प्रस्ताव के समर्थक विधायकों को यह जरूर बताना चाहिए कि आखिर देश के तमाम 130 करोड़ लोगों के मन की बात जानने के लिए उन्होंने कौन सी तकनीक अपनाई है। क्या इसके लिए कोई आप ने कोई सर्वे किया, लोगों की रायशुमारी की, या फिर आम आदमी पार्टी अंतर्यामी पार्टी है। खैर पाठक यह भी जानते होंगे कि आतिशी सिंह भी उच्च शिक्षित हैं, उन्होंने आक्सफोर्ड से स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की है और शिक्षा के क्षेत्र में वे काम कर चुकी हैं। आम आदमी पार्टी जब रूप और आकार ले रही थी, तब राजनीति और व्यवस्था में बदलाव की नेक नीयत रखने वाले बहुत से लोगों ने इसके गठन में मदद की थी। ये सभी वैकल्पिक राजनीति को देश के भविष्य के लिए जरूरी मान रहे थे। इनमें से कई ऊंची तालीम हासिल किए हुए थे या फिर समाज में किसी खास मुकाम पर पहुंचे हुए थे और जो साधारण तबके के लोग थे, उन्होंने अरविंद केजरीवाल का समर्थन इसी लिए किया कि जब इतने पढ़े–लिखे लोग एक नए नेता के साथ खड़े हैं, तो इसमें जरूर कोई खास बात होगी। हो सकता है अब तक देश में जो कमियां राजनीति और प्रशासन में महसूस की जा रही हैं, उनसे हटकर कोई बेहतर विकल्प ये नया नेता और उसकी पार्टी देंगे। कांग्रेस पर तो अन्ना आंदोलन ने भ्रष्टाचार का ठप्पा लगा ही दिया था और भाजपा की राजनीति राम मंदिर के इर्द–गिर्द घूमती थी। तो जिन लोगों को भ्रष्टाचार के साथ–साथ धर्म की राजनीति से भी तकलीफ थी, उन्होंने अरविंद केजरीवाल में उम्मीद की नयी किरण देखी। कई नामी–गिरामी पत्रकार, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, कलाकार अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय राजनीति के फलक पर उभारने के लिए जुट गए। लेकिन जल्द ही बहुत से लोगों का मोहभंग हो गया। या ये भी कह सकते हैं कि कुछ लोगों को आप और अरविंद केजरीवाल की राजनैतिक सच्चाई जल्द नजर आ गई और वो उससे अलग हो गए। लेकिन कई लोग अब भी वैकल्पिक राजनीति का भ्रम पाले बैठे हुए हैं। देखना होगा कि इन्हें असलियत कब तक नजर आती है। या फिर सत्ता की खातिर ये भी अपने चेहरों पर कोई और मुखौटा डाल लेते हैं। वैसे अरविंद केजरीवाल ने राजनीति के अपने इरादों को पहले भी कई बार जाहिर किया है। इससे पता चलता है कि उनके बारे में जो धर्मनिरपेक्ष, प्रगतिशील, परिवर्तनवादी नेता की धारणा बनी हुई है, वह असल में खोखली है। उनकी राजनीति संविधान से अधिक मनुवादी विचारों की हिमायती है। इसलिए जब जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया गया, तो भाजपा के इस फैसले का आप ने स्वागत किया। उन्होंने कई बार खुद को कट्टर हिंदू के तौर पर पेश किया है, चाहे वह लॉकडाउन के वक्त गीता का पाठ हो या फिर टीवी पर हनुमान चालीसा सुनाना। श्री केजरीवाल भाजपा के हिंदुत्व को टक्कर देने के लिए दिल्ली में राम राज्य के मॉडल की बात करते हैं। उन्होंने दिल्ली के वरिष्ठ नागरिकों को चुनाव जीतने पर राम मंदिर की मुफ्त सैर का वादा किया था। अभी गुजरात में भी बुर्जुगों के लिए अयोध्या यात्रा का उनका वादा है। पिछले साल दीपावली पर उनकी पूजा का प्रसारण टीवी पर हुआ था, जिसमें पंडाल राम मंदिर की तर्ज पर बना हुआ था। हिंदुत्व के अलावा भाजपा की राष्ट्रभक्ति के दांव को भी अरविंद केजरीवाल लपक चुके हैं। उन्होंने दिल्ली के स्कूलों में देशभक्ति की कक्षाएं शुरु करने की योजना बनाई है। इसके अलावा मेक इंडिया नंबर वन अभियान भी उन्होंने चलाया है। ये सारे पैंतरे साबित करते हैं कि अरविंद केजरीवाल की और भाजपा की राजनीति में फर्क केवल तरीकों और तकनीकों का है, बाकी विचारधारा में कोई अंतर नहीं है। अब इसे भाजपा की बी टीम कहिए, अनुगामी कहिए या फिर उसकी प्रतिकृति, क्या फर्क पड़ता है। चिंतन इस बात पर होना चाहिए कि देश में धर्म को धुरी बनाकर राजनीति के जो नए खेल खेले जा रहे हैं, उनसे जनता किस तरह निपट सकती है। लोकतंत्र में जनता के पास विकल्प हमेशा होने चाहिए, लेकिन ये विकल्प विचारधारा आधारित होने चाहिए और इस विचारधारा को खुलकर जनता के सामने रखा जाना चाहिए, तभी निष्पक्ष चयन संभव होगा। अगर विचारधारा अज्ञात हो और आवरणों में राजनीति की जाए, तो फिर यह जनता के साथ छल के सिवा कुछ नहीं है। अरविंद केजरीवाल बेशक जितना चाहे पूजा–पाठ करें, लेकिन ये आस्था निजी दायरे तक ही सीमित रहनी चाहिए। उन्हें अपनी समृद्धि के लिए जितने टोटके आजमाने हों वे आजमा लें, लेकिन देश टोटकों से संपन्न नहीं बनता है, यह बात जनता को समझ लेना चाहिए। धर्म के नाम पर जनता को बरगलाने का ही नतीजा है कि आज देश के चंद लोग खरबपति बन कर बैठे हैं और बाकी जनता कमाई और बचत की उलझनों में ही लगी हुई है।

> **आम रेस्तरां काफी विशाल एयर कंडीशन व कई मंजिला होते हैं मगर वहां पर सीट खाली होने के बावजूद कर्मचारी द्वारा बताए गए स्थान पर ही बैठना पड़ता है। कहीं भी कपड़े के नैपकिन नहीं होते है। इसकी जगह कागज के टिश्यू पेपर दिए जाते हैं। पानी के गिलास काफी बड़े होते हैं जिनमें ठंडा पानी पीकर मजा आ जाता है। वहां आमतौर पर लोग फिल्टर वाटर की बोतल नहीं मंगाते हैं क्योंकि...**

विदेश में हम शाकाहारी और रेस्तरां

विवेक सक्सेना

वहां मुझे सबसे बुरी बात यह लगी कि सड़क किनारे हमारी तरह आपको कहीं भी कोई खोमचा लगाने वाला, समोसे बेचने वाला नहीं मिलेगा। अगर रेस्तरां में खाना खाने जाना हो तो अपनी पहले ही जगह बुक करवानी पड़ती है।ज् मुझे देख कर अजीब सा लगा कि मुख्य द्वार पर गणेशजी की मूर्ति सजाकर उन्हें फूल मालाएं पहनाने वाले इन रेस्तराओं में खाने के साथ शराब भी पिलाने का प्रबंध था। अब लगता है भला हो मद्रासियों का जिन्होंने देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के हर कोने में शाकाहारी भोजन बेचने वाले रेस्तरां खोले हैं। कनाडा में सप्ताह में एक दिन कम से कम बाहर खाते है। जब किसी दक्षिण भारतीय रेस्तरां जा कर मसाला डोसा या इडली खाने का विकल्प रहता था तो एक बात खराब लगती थी कि डोसा या इडली के साथ दुबारा मुफ्त में सांभर नहीं मिलता था। मुझे गरम–गरम सांभर पीना बहुत अच्छा लगता है। शाकाहारी हो जाने के कारण मेरे पास खाने पीने के विकल्प बहुत सीमित हो गए थे। एक दक्षिण भारतीय रेस्तरां की तो 116 देशों में रेस्तरां है। सभी जगह भारतीय बच्चे ही नौकरी करते है।

मुझे देख कर अजीब सा लगा कि मुख्य द्वार पर गणेशजी की मूर्ति सजाकर उन्हें फूल मालाएं पहनाने वाले इन रेस्तराओं में खाने के साथ शराब भी पिलाने का प्रबंध था। एक रेस्तरां के मालिक ने बताया कि यहां आने वाले बिना पिए खाना नहीं पसंद करते हैं। वहां पकौड़े भी खाने को मिल जाते थे मगर उन्हें बेसन की जगह चावल के आटे में तला जाता था। बाहर कुछ भी खाने के पहले डर लगता था कि कहीं उसमें कुछ मांसाहारी शामिल न हो हालांकि जब पिछली बार गया था तो वहां एक रेस्तरां में कौतुहलवश सलमन मछली का स्वाद जरुर चखा था जो कि शफिश एंड चिप्स्य बेचने वाले एक रेस्तरां पर मिलती थी। दूसरी बात यह कि वे लोग मछली मीट की तुलना में बीफ (गाय या भैंस) ज्यादा खाते हैं। डर लगता था कि कहीं गलती से बीफ न खा लूं। पिज्जा खाते समय भी यह तय करना पड़ता था कि कहीं बनाते समय उसमें मांस न डाल दिया गया हो। आमतौर पर वहां के रेस्तरां में अंडे को भी शाकाहारी माना जाता है। एक बार बीपी का शिकार होने के बाद डाक्टर ने मुझे अंडा खाने से पूरी तरह से रोक दिया था। वहां तो डबल रोटी (ब्रेड) व केक खरीदते समय यह सुनिश्चित करना पड़ता था कि उनमें अंडा नहीं हो। तब लगता था कि शाकाहारी होना वह भी विदेश में, शाकाहारी खाना ही मिलना कितना मुश्किल होता है। भारतीय रेस्तरां में जरुर शाकाहारी जैसे मलाई कोपता मिल जाता है पर शाकाहारी भोजन में पनीर की भरमार रहती है जो कि मुझे ज्यादा पसंद नहीं है। वहां मुझे सबसे बुरी बात यह लगी कि सड़क किनारे हमारी तरह आपको कहीं भी कोई खोमचा लगाने वाला, समोसे बेचने वाला नहीं मिलेगा। अगर रेस्तरां में खाना खाने जाना हो तो अपनी पहले ही जगह बुक करवानी पड़ती है। अंदर पहुंचने के बाद भी इंतजार करना पड़ता है। रात को रेस्तरां जल्दी बंद हो जाते हैं व नौ बजे के पहले ही वहां पहुंच कर खाने का आर्डर देना पड़ता है। कई बार तो यह बताया जाता है कि अमुक सामान देर होने के कारण उपलब्ध नहीं होगा। गाड़ी चलाते समय काफी पीना वहां के लोगों में आम बात है। हालांकि काफी की मात्रा काफी ज्यादा होती है व पेट्रोल पंप के साथ में ही स्थित उनकी दुकानों पर जाने से पहले फोन पर उन्हें आदेश देकर काफी व फ्रेंच फ्राई जैसे सामान का आर्डर बुक करवाया जाता है। वहां पहुंचने तक बिना कार से उतरे बैठे बैठे कार्ड से पैसे अदा कर कार में ही खाना पीना हासिल कर लिया जाता है। खरीदे जाने वाले सामान की पैकिंग बहुत अच्छी होती है। वहां सामान मंहगा होने की एक वजह यह भी हो सकती है जब मैं पहली बार क्रूज पर सवार होकर वेंकूवर की राजधानी विक्टोरिया गया तो चार मंजिली क्रूज का सफर बहुत आश्चर्यजनक था। हमारी कार भी क्रूज में लद गई व गंतव्य पर पहुंचने के बाद हम लोग अपनी ही कार में सवार होकर घूमने गए। बहुत बड़ी क्रूज में रेस्तरां व शापिंग माल थे। हालांकि उनमें बिकने वाला खाना मुझे ज्यादा पसंद नहीं आया। इतना जरुर था कि इस समुद्री यात्रा के दौरान हमे समुद्र में तैरती व्हेल मछली जरुर देखने को मिल गई।

हमे एक भी जगह ऐसी नहीं दिखी जहां आप बिना बुकिंग करवाए सीधे जाकर खाना खा सकते हो हालांकि क्रूज की विशाल छत से समुद्री लहरों को देखकर मुझे टाइटेनिक की याद आ गई और डर लगा कि कहीं इसके साथ कुछ गड़बड़ी न हो जाए। जब भी किसी रेस्तरों में खाने जाता तो अपनी पुरानी आदत के मुताबिक कार्ड में लिखे दामों को जरुर देखता और इसकी कीमत को 60 से गुना करके रुपए में बदल देता तब मुझे 800 रुपए की कीमत वाले उस डोसे को खाने में बहुत दिक्कत होती जिसमे साथ में दोबारा सांभर या चटनी तक नहीं मिलती है। रेस्तरां में एक अच्छी बात यह है कि आप का खाना बच जाए तो उसे आप पैक कर के अपने साथ घर ले जा सकते हैं पर बेटा खाना पैक नहीं करता है। वह आपके मेज पर प्लास्टिक के ढक्कन व डब्बे लाकर आपको दे देगा व आपको अपने हाथों से बचा खाना पैक कर के घर ले जाना होगा। वहां बुरी बात यह है कि खाने के बाद टिप न देना असभ्यता मानी जाती है। खाने के बिल की 7 से 15 प्रतिशत तक राशि टिप के रुप में अदा करनी पड़ती है। आप को कितनी टिप देनी है इसका फैसला वही लोग करते हैं व आपको बिल में टिप की राशि लिख भेज दी जाती है।

आमतौर पर रेस्तरां खाने की होम डिलीवरी नहीं करते हैं। अगर कोई करता भी है तो उसके लिए अपना पहले भुगतान करना पड़ता है काफी इंतजार भी करना पड़ता है। सामान पहुंचने के पहले आप को फोन द्वारा सूचित करने के बाद आपको अपनी सोसायटी के मुख्य गेट पर आकर उसे लेना पड़ता है। अन्यथा सामान लाने वाला व्यक्ति उसे गेट पर छोड़ कर जा सकता है। कनाडा व अमेरिका में अनेक ऐसे रेस्तरां है जहां पिज्जा या कुछ अन्य खाने के सामान के साथ आप को असीमित कोल्ड ड्रिंक पीने की छूट होती है पर उसे पहले वाले जूठे गिलास में ही पीना पड़ता है।

आम रेस्तरां काफी विशाल एयर कंडीशन व कई मंजिला होते हैं मगर वहां पर सीट खाली होने के बावजूद कर्मचारी द्वारा बताए गए स्थान पर ही बैठना पड़ता है। कहीं भी कपड़े के नैपकिन नहीं होते है। इसकी जगह कागज के टिश्यू पेपर दिए जाते हैं। पानी के गिलास काफी बड़े होते हैं जिनमें ठंडा पानी पीकर मजा आ जाता है। वहां आमतौर पर लोग फिल्टर वाटर की बोतल नहीं मंगाते हैं क्योंकि वहां नल से आने वाला पानी भी काफी स्वच्छ माना जाता है। भारतीय लोग ही खाने के बाद प्याज व हरी मिर्च की मांग करते हैं। खाने के बाद सौंप या मोटी सुपारी नहीं दी जाती है।

बुद्ध पब्लिकेशन
ऑफसेट एण्ड प्रिन्टर्स
8795951917, 9453824450

लगी झालरों से जगमग हुआ शहर तो बढ़ी बिजली खपत

उन्नाव। दिवाली के पर्व पर शहर और देहात में बिजली सिस्टम ओवरलोड रहा। हालांकि भार को मेंटेन करते हुए शहर में बेहतर बिजली की आपूर्ति की गई। ग्रामीण अचंलो में कुछ स्थानों पर फॉल्ट के चलते बिजली बाधित रही। दिवाली पर जिस तरह बिजली का अंधाधुंध प्रयोग हुआ है, उससे अक्टूबर महीने बिजली की खपत का आंकड़ा बढ़ना तय है।

बता दे कि जिले में 52 बिजलीघरों के जरिये करीब तीन लाख से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति की जाती है। शहर में आधा दर्जना विद्युत उपकेंद्रों के अलावा छोटे बड़े साढ़े 350 के करीब ट्रांसफॉर्मर लगे हुए हैं। दिवाली पर अफसरों ने अधीनस्थों को रविवार से सोमवार की रात 12 बजे तक बेहतर बिजली आपूर्ति करने के निर्देश दिए थे। इसको ध्यान में रखते हुए विद्युत उपकेंद्रों पर अवर अभियंताओं की तैनाती रही और आपूर्ति सामान्य रही। शहर के प्रदर्शनी नगर उपकेंद्र में तैनात अवर अभियंता कमलेश प्रजापति जगह जगह निरीक्षण कर अपडेट लेते रहे। उपखंड अधिकारी ने भी मंगलवार सुबह से निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि शहरीय क्षेत्र में कोई बड़ा फाल्ट नही रहा है। छुटपुट आपूर्ति रुकने की मामलों की सूचना मिली , वहां व्यवस्था तत्काल सही करा दी गई। ज्यादा समय तक आपूर्ति कही बाधित नही हुई है।

दुरुस्त दिखी व्यवस्था, सिर्फ छह ट्रांसफार्मर फुकेः शहर के साथ जिले की आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रहे इसके पहले ही बिजली विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली थी। तभी तो इन तीन दिनों में सिर्फ छह ट्रांसफार्मर ही फूंकने और खराब होने की सूचनाएं आई। वर्कशॉप आकड़ो के अनुसार चार छोटे व दो बड़े ट्रांसफार्मर खराब हुए थे। उन्हें तत्काल बदलवा दिया गया था। उधर, झालरों से जगमग शहर के बीच फीडरों पर लोड़ कई गुना बढ़ा दिखा। शहर सब स्टेशन आकड़ो के अनुसार सोमवार रात प्रदर्शनी नगर फीडर पर 61 एम्पियर, गदन खेडा में 31 एम्पियर, टाउन सेकेंड पर 58 एम्पियर समेत जी स्कूल निकट फीडर पर 27 एम्पियर बिजली खपत दर्ज हुई।

टोल नम्बर पर मंगलवार को खूब आई शिकायतेंः दिवाली की शाम शाम से दोपहर तक 484 शिकायते आई। इनमे सबसे ज्यादा शिकायतें सोमवार रात व मंगलवार सुबह दर्ज हुई। सोमवार रात दस बजे से मंगलवार सुबह तक करीब 185 शिकायतें नम्बर पर दर्ज हुई। हालांकि शिकायतों के निस्तारण के लिए सब स्टेशनवार कर्मियों की टीमें तैनात रही।

पटाखों का शोर थमा तो सड़कों पर दिखा कूड़ा ही कूड़ा

सफाई निरीक्षक के नेतृत्व में स्पेशल सफाई गैंग ने पड़ताल कर कूड़ा उठान किया

उन्नाव । दीपावली पर शहर में रिकार्ड आतिशबाजी चलाई गई। इससे शहर में जगह–जगह कूड़े के ढेर लग गए। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि दिवाली पर शहर से करीब 62 टन कूड़ा निकला है। करीब चार सौ सफाई कर्मचारियों के सहयोग से शहर के 32 वार्ड का कूड़ा शहर के हाइवे स्थित भिजवाया गया। सफाई इंस्पेक्टर रश्मि पुष्कर ने बताया कि कूड़ा निकालने के लिए कार्य जारी रहेगा। उन्होंने नगर के लोगों से सहयोग की अपील की है।

शहर में दिवाली की धूम में खूब कूड़ा निकला। मंगलवार को सफाई निरीक्षक रश्मि पुष्कर ने भृमण कर बड़ा चौराहा से गांधी नगर तिराहा तक निरीक्षण किया। व्यवस्था देखी और काम कर रहे कर्मियों को निर्देश दिए। शहर के सिविल लाइन, केवटा तालाब, आदर्श नगर, हिरन नगर, प्रदर्शनी नगर, आवास विकास आदि मोहल्लो में सुबह से पटाखों का खूब कूड़ा दिखा। शहर की डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था धड़ाम दिखी। शहर की सफाई के लिए चालकों की इस दिन उपलब्धता न होने की वजह से मात्र दस ट्रिपर गाड़ियां ही निकल पाई। दो चार वार्डो को छोड़कर अन्य कइयों वार्ड में कूड़ा उठान गाड़िया नहीं पहुँची। न ही कूड़ा ट्रिपर गाड़िया दिखी। इससे कूडे के ढेर शहर की गलियों के बाहर देखे गए।

62 टन हो गया कूड़ा, निस्तारण में छूटे पसीनेः शहर में आम दिनों में हर रोज करीब 40 टन कूड़ा निकलता है। वहीं, दिवाली के मौके पर यह दोगुना हो जाता है। लोग घरों की सफाई करके पुराना और खराब सामान बाहर निकालते हैं। वहीं खाने–पीने और गिफ्ट आइटम के डिब्बों आदि से कूड़ा दोगुना हो जाता है। सफाई निरीक्षक ने स्पेशल सफाई गैंग कर्मियों की टोली को लेकर चौराहों पर कूडा उठावाया। हालांकि अन्य कर्मी अवकाश पर रहे। स्पेशल गैंग कर्मियों की सफाई टीम ने शाम तक यह सिलसिला वार्ड, चौराहों पर मेरी रखा। कूड़े में अधजले पटाखे भी फूटेः कई स्थानों पर गंदगी के ढेर में स्थानीय लोगों ने आग लगाकर राख करने की पहल की तो अधजले पटाखे भी फूट पड़े। इस कारण गंदगी का निस्तारण होने के बजाय, कूड़ा वापस फैल गया। ऐसी स्थिति में लोगों ने वहां से खिसकना ही बेहतर समझा।

रिटायर्ड फौजी की पत्नी ने घर में तोड़फोड़ व मारपीट का पुलिस पर लगाया आरोप

हरदोई । देहात कोतवाली इलाके में रिटायर्ड फौजी के घर में पुलिस ने आतंक मचाया है। जिसमें पुलिस ने महेंद्र पाल के घर में तायल तोड़ने के साथ ही अन्य सामानों की तोड़फोड़ की है। पुलिस के आतंक से गौधाई पुरवा गांव में दहशत व्याप्त है। रिटायर्ड फौजी की पत्नी शशि वर्मा ने डीएम से पुलिस बर्बरता की शिकायत की है। देहात कोतवाली क्षेत्र के गौधाई पुरवा में पुलिसकर्मियों ने जमकर उत्पात मचाया है। पीड़िता शशि वर्मा ने डीएम से शिकायत करते हुए बताया कि गीता व उसके पति के साथ गांव के पप्पू, अजीत, कमल किशोर, गुड्डी, शीशमली, शैलेंद्र व गुड्डू सहित कई लोगों ने मारपीट की है। जिसमें गीता के शोरगुल से तमाम गांव वाले मौके पर पहुंच गए, उन्होंने ग्राम प्रधान को इस बात से सूचित किया। जिसकी सूचना पर ग्राम प्रधान के साथ उनके प्रतिनिधि के रूप में पीड़िता के पति महेंद्र पाल रिटायर्ड फौजी भी झगड़े को शांत कराने व उन्हें समझाने के लिए मौके पर गये। आरोप है कि इसी दौरान पीड़िता शशि वर्मा के पति 112 पर फोन करके गांव में हुए झगड़े की सूचना दी। सूचना पर 112 नंबर पुलिस वैन 2714 आई और केवल एकपक्षीय सुनकर कार्यवाही करने लगी। तब पीड़िता के पति ने दोनों पक्षों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने को कहा, इस पर आरक्षी शिवप्रसाद ने रिटायर्ड फौजी को मां –बहन की गालियां देते हुए गिरेबान पकड़ लिया। इस पर पीड़िता के पति महेंद्र पाल ने इस हरकत की शिकायत डीएम, एसपी से करने की बात कही। इस पर ड्यूटी में साथ आई महिला कांस्टेबल सीमा जोर–जोर से चिल्लाकर गालियां देने लगी। तभी पीआरवी 2711 मौके पर पहुंची और हेड कांस्टेबल विजय यादव व कांस्टेबल विनीत मलिक ने मामले को शांत करा दिया। आरोप है कि जिसके बाद कोतवाली देहात पुलिस ने शराब पीकर गांव में आतंक मचाया। जिसमें पीड़िता शशि वर्मा के घर में करीब 40 पुलिसकर्मी लाठियों से लैस होकर पहुंचे। पीड़िता के पति महेंद्र पाल अपने बीमार पिता की दवा लेने लखनऊ गए थे। उन्होंने पीड़िता और उसके परिवार को गंदी–गंदी

गालियां देते हुए कहा कि तेरा पति कहां है। इसके बाद घर में चल रहे निर्माण कार्य को लाठियों से तोड़ दिया और सामान बिखेर दिया। जब पीड़िता ने कारण पूछा तो वह उसे गालियां देते नजर आए। पुलिसकर्मी यहां तक नहीं माने ,उन्होंने पीड़िता के देवर धर्मेश को पकड़ लिया और जबरिया थाने उठा ले गए। साथ ही पीड़िता शशि वर्मा को हिदायत दी कि अपने रिटायर्ड फौजी पति को थाने भेज देना। पुलिस की इस हरकत से पीड़िता सहित पूरे गांव में भय व्याप्त है। पीड़िता ने कहा कि इसे गांव के लोगों ने देखा है और वह गवाही देने को तैनात है। मामला शांत होने के बाद भी गांव की जनता को डराने के लिए पुलिस ग्राम प्रधान व अन्य लोगों को थाने में बैठाए हैं। पुलिस की इस हरकत से परेशान पीड़िता ने भयभीत होकर डीएम से शिकायत की है, और दोषी पुलिसकर्मी थाना कोतवाली देहात सहित शिवप्रसाद व सीमा पर कार्यवाही की मांग की है।

दवाई महंगी, इलाज में दिक्कतें

20 फीसदी तक हुई बढ़ोतरी, गरीब परिवार के लोगों को परेशानी

कौशाम्बी। बढ़ती महंगाई के बीच दवाओं के दाम बढ़ने से आम आदमी की जेब और ढीली हो रही है। आम बीमारियों की दवाओं के दामों में 15 से 20 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। व्यापारियों के अनुसार जीएसटी व माल ढुलाई समेत अन्य कारणों से कीमतों में वृद्धि बताई जा रही है। बढ़ती महंगाई ने गृहस्थी के साथ–साथ पेट्रोलियम पदार्थो व क्षेत्र में आम आदमी की कमर तोड़ दी है। वहीं दवाओं की कीमतों में भी बढ़ोतरी ने आम आदमी को और परेशानी में डाल दिया है। गौरतलब है कि पहले से ही खाद पदार्थों के मूल्य वृद्धि होने से आम आदमी कराह रहा है। वही अब दवाओं के रेट बढ़ने से उसकी कमर ही टूट गई है। करीब एक माह पहले जिन दवाओं को 100 रुपए में खरीदा जा सकता था। अब वही दवाएं 120 –130 रुपए में मिल रही है। मेडिकल स्टोर संचालक मोतीलाल बताते हैं कि दवाओं की कीमतों में 15 से 20 तक बढ़ोतरी हुई है। अधिकतर दवाओं के दाम बढ़ गए हैं। इस समय कुछ माल पुराने एमआरपी पर हैं। जो पुराने रेट पर बिक रहे हैं। नया माल बड़े हुए रेट पर आ रहा है।कई दवाओं की एमआरपी तो नहीं बढ़ाई गई। लेकिन मुनाफा कम हो गया है। इस समय पेट दर्द, बुखार, दिल की बीमारी का रोग, डीहाइड्रेशन में प्रयोग होने वाली दवाओं के दामों में वृद्धि हुई है। इस बढ़ोतरी के चलते आम आदमी को दवा खरीदने के लिए अतिरिक्त बोझ वहन करना पड़ रहा है। दवा व्यापारियों का कहना है कि यह बढ़ोतरी अन्य पदार्थों में महंगाई जीएसटी ढुलाईअधिक होने के चलती हुई है।

बढ़ती मंहगाई पर लगे रोक

कौशाम्बी। गृहणी सन्ध्या जायसवाल ने बताया कि सरकार की ओर से बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। पहले रसोई गैस के दाम बढ़े परेशानी हुई। उसके बाद आटा, चावल, दाल पदार्थों के मूल्य में वृद्धि का बजट पूरी तरह से बिगड़ गया है। अब दवाओं के रेट में भी इजाफा हो गया है। घर परिवार चलाने से लेकर सेहत दुरुस्त रखने के लिए अतिरिक्त भार उठाना पड़ रहा है। रेनू तिवारी कहती हैं कि सरकार की ओर से गृहस्थी के साथ–साथ दवाओं पर राहत देनी चाहिए। जिससे आम आदमी अपनी गृहस्थी के साथ–साथ सेहत का भी ध्यान रखें। विनोद मिश्र ने बताया कि आज सरकारी महंगाई पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। बिगड़ते बजट से यह संभव नहीं है। आम आदमी भोजन के साथ–साथ अपने स्वास्थ्य का भी बेहतर प्रबंध कर सके।

मनौरी में ट्रेन से कटे युवक की इलाज के दौरान मौत

कौशाम्बी। पूरामुफ्ती कोतवाली के मनौरी रेलवे स्टेशन पर दोपहर ट्रेन की चपेट में आकर घायल हुए युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। बृहस्पतिवार दोपहर बाद परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करा कर अंतिम संस्कार कर दिया है। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मनौरी निवासी मुन्ने अब्बासी मजदूर है। उसका बेटा मोहम्मद हाशिम (25) पिछले करीब दो साल से बीमार रहता था। मानसिक हालत खराब होने पर परिवार के लोग उसका इलाज करा रहे थे। .. दोपहर मोहम्मद हाशिम मनौरी बाजार जा रहा था। इसी दौरान मनौरी रेलवे स्टेशन के सामने पटरी पार करते समय वह सवारी गाड़ी की चपेट में आ गया। इससे एक पैर कट गया और वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना की जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने इलाज के लिए उसे प्रयागराज एस आर एन में भर्ती कराया। जहां देर रात हासिम ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने अश्व का पोटमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया है।

शौच गई किशोरी के साथ छेड़खानी

कौशाम्बी। करारी कोतवाली के एक गांव में शौंच गई एक किशोरी से कुछ युवकों ने छेड़छाड़ की। किशोरी के चिल्लाने पर युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी मंगलवार की शाम करीब छह बजे गांव के बाहर खेत की तरफ शौच के लिए गई थी। वहां पहले से ही घात लगाए बैठे अप्पी पासी, गूंगा पासी, मोहित हेला व एक अज्ञात युवक ने किशोरी के साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ करने लगे। किशोरी के चिल्लाने पर आसपास खेतों में मौजूद लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित किशोरी की मां के शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रेलवे के 2मशीने टकरायी, 2 लोग घायल क्षेत्र में मची सनसनी’

कौशाम्बी ।सैनी कोतवाली क्षेत्र के धुमाई रेलवे फाटक के पास नव निर्मित रेलवे ट्रैक(डीएफसी लाइन) के अपलाइन पर सुबह 7.30 बजे 2 मशीनें आपस मे टकरा गई तेज आवाज से क्षेत्र में सनसनी मच गयी आसपास के खेतों में काम करने वाले मौके पर एकत्र हो गए।घटना के मुताबिक नवनिर्मित रेलवे ट्रैक(डीएफसी लाइन) खम्भा नम्बर 348 ध25ध27 के पास रेलवे की टीटीएम मशीन खड़ी थी उसी ट्रैक पर पीवीआर रेल मशीन तेज स्पीड से टीटीएम रेल मशीन से टकरा गई जिससे भयानक आवाज के साथ टीटीएम मशीन के पहिये खुल कर बाहर निकल गए 2 लोग घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीण व रेल कर्मियों ने दोनों घायलों को स्थानीय गांव में ले जाकर प्राथमिक उपचार करवाया और तुरंत ही दोनों मशीनें फतेहपुर की तरफ निकल गई हैं।दुर्घटना की वजह से सैकडों लीटर डीजल बह गया जिसे मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बोतल में भरना शुरू कर दिया दुर्घटना की सूचना पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया डीएफसी लाइन का कर्मचारी कपिल देव हड़बड़ाते हुए किसी बात का उचित जवाब नही दे रहा था उसके अनुसार वह ट्रैक पर सिग्नल दिखा रहा था उसकी लापरवाही साफ दिख रही थी यदि दोनों मशीनें पलट जाते तो बड़ी दुर्घटना से इनकार नही किया जा सकता था।

प्यार में थोड़ा फासला रखना ,प्यार है तो हौसला रखना..

‘मां काली पूजा समिति के तत्वावधान में विराट कवि सम्मेलन आयोजित

मीरजापुर। । जिले के अदलहात क्षेत्र के परशुराम गांव में गजब मां काली पूजा समिति के तत्वावधान में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन सोमवार देर शाम किया गया। कवि सम्मेलन व मुशायरो का श्रोताओ द्वारा आनन्द उठाया गया। मां काली पूजा समिति के मंच पर वृहद कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन किया गया। जिसमें मीरजापुर जनपद के साथ–साथ वाराणसी के कवियो के द्वारा अपनी कविता की प्रस्तुति की गयी। पूजा समिति के अध्यक्ष के द्वारा सभी कवियो एवं शायरो को अंग वस्त्रम प्रदान कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कवि सम्मेलन का संचालन प्रकाश मीरजापुर के द्वारा किया गया. कविताओं की श्रृंखला में कविता सुनाते हुये सबसे पहले मीरजापुर से प्रधारी श्रीमती पूनम श्रीवास्तव द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत कर शुभारम्भ किया गया। तदुपरान्त उनके द्वारा ‘‘प्यार में थोड़ा फासला रखना ,प्यार है तो हौसला रखना.. को सुनाकर लोगो की वाहवाही लूटी। शायर इमरान बनारसी ‘‘दिलों दिमाग में अमनो अमान रखते है,हम अपने सीने में हिंदो स्तान रखते है…ष सुनकर सभी के अंदर जोश भर दिया। वाराणसी से आयी प्रियंका सिंह ने ‘‘ निभा सको तुम तो प्यार करना, जता सको तुम तो प्यार करना…ष गीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वाराणसी से पधारी डॉक्टर रंजना राय के द्वारा ‘‘मिलजुल कर भाई चारे वाली रीति निभाएं जो लोग सो रहे है अभी उनको जगाएं..’’। तदुपरान्त बन्धुपाल बन्धु चन्दौली चकिया से आकर कवि सम्मेलन के मंच पर ‘‘भईया मोदी रचउला तूं कईसन खेल, गणित भईल बा सबका फेल…ष। अहरौरा से आये नरसिंह साहसी व धर्मदेव चंचल ने हास्य कविता सुनाकर श्रोताओं को खूब रिझाया। चंदौली से आए अवधेश सिंह दास ने षलिखो अगर तुम कलम उठा कर देश का तुम सम्मान लिखो. …ष को सुनाकर लोगो की तालियां बजाने पर मजबूर किया। मीरजापुर के जाने पहचाने कवि एवम संचालन प्रकाश लाल श्रीवास्तव प्रकाश मिर्जापुरी के द्वारा किया गया। कविंद्र सिंह अकेला के द्वाराष प्रीत कै दीप हर दम जलते रहें, हर दिन हर घड़ी मुस्कुराते रहें…?। साहिल मिर्जापुरी ने सुनाया कि दीप नफरत का जमाने से बुझाया जाए। इस मौके पर वर्तमान प्रधान श्याम दुलारी ,शिव कुमार सिंह, राम सेवक सिंह, नितिन राय सहित अन्य लोग मौजूद थें।

सिराथू में रामलीला के दूसरे दिन श्री राम व रावण जन्म के साथ मनु शतरूपा का हुआ मंचन

कौशाम्बी ।’ नगर पंचायत सिराथू मे चल रहे रामलीला के कार्यक्रम के दूसरे दिन रामलीला का मंचन कर रहे कलाकारों द्वारा श्रीराम जन्म, रावण जन्म व मनु सतरूपा संवाद का मंचन किया गया । सिराथू कस्बे में रामलीला के दूसरे दिन मनु व सतरूपा ने एक पैर पर खड़े होकर हजारों वर्ष तक तपस्या किया। उनके मन के इच्छाओं की पूर्ति के लिए आकाशवाणी हुई। नारायण ने मनु सतरूपा से वर मांगने को कहा, तब मनु ने देखा कि नारायण प्रकट होकर वर देने की बात कह रहे हैं। मनु–सतरूपा ने कहा प्रभु कुछ देना ही चाहते हैं तो मुझे मोक्ष नहीं चाहिए। स्वयं आप ही पुत्र के रूप मे प्राप्त हो जाइए। भगवान ने मनु सतरूपा को वरदान दिया और कहा समस्त भूमण्डल पर धर्म की रक्षा के लिए त्रेता युग में अवतार लूंगा।मनु सतरूपा के दिए गए वरदान को पूर्ण करने के लिए प्रभु श्रीहरि विष्णु ने स्वयं त्रेतायुग मे अयोध्या के चक्रवर्ती सम्राट दशरथ एवं कौशल्या के पुत्र श्रीराम के रूप जन्म लिया। इसी प्रकार रावण एवं कुंभकर्ण जन्म के विषय मे दिखाया गया कि ऋषि विश्वश्रवा की वरवर्णिनी और कैकसी दो पत्नियां थी। वरवर्णिनी द्वारा कुबेर को जन्म देने पर जलन वश उनकी दूसरी पत्नी कैकसी ने अशुभ समय में गर्भ धारण किया जिससे उसके गर्भ से रावण तथा कुंभकर्ण जैसे क्रूर स्वभाव वाले भयंकर राक्षस उत्पन्न हुए।

मौसम में बदलाव से अस्पतालों में बढ़ रहे सर्दी खांसी जुखाम के मरीज

कौशाम्बी।मौसम में हो रहे बदलाव के कारण लोगों के सेहत पर खासा असर पड़ रहा है। दिन में धूप और गर्मी के साथ ही सुबह शाम तापमान गिरने और ठंड बढ़ने से सर्दी,खांसी,जुखाम,बुखार आदि के मरीजों की संख्या में एकाएक इजाफा होने लगा है। सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी क्लीनिकों में मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी होने लगी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेवादा में ओपीडी में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की संख्या पिछले सात दिनों में बढ़ गई है। अस्पताल के ओपीडी में इन दिनों प्रतिदिन 150 से 200 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। डाक्टरों के मुताबिक मरीजों के स्वास्थ्य में बदलाव का मुख्य कारण मौसम में हो रहे परिवर्तन से जुड़ा पाया गया है। मौसम में हुए बदलाव के कारण लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो रही है।जिसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। गांव गांव लोग सर्दी, खांसी,जुखाम,बुखार आदि से ग्रसित हो रहे हैं। इन दिनों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नेवादा की ओपीडी में सबसे अधिक वायरल बुखार,सर्दी व खांसी के मरीज आ रहे हैं।ऐसे मौसम में खानपान और दिनचर्या पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।अस्पताल खुलने से पहले ही मरीजों की भीड़ लगनी शुरू हो जाती है।आम दिनों में प्रतिदिन करीब 25 से 30 बुखार से पीड़ित मरीज ही अस्पताल में आते थे, लेकिन पिछले 10 दिनों से अस्पताल में रोजाना 150–200 से अधिक सर्दी, खांसी, जुखाम, बुखार आदि के मरीज ओपीडी में इलाज कराने पहुंच रहे हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.ललित कुमार सिंह का कहना है कि पिछले 10दिनों से ओपीडी में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। पिछले 11अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक अस्पताल में कुल 2085 मरीजों की ओपीडी और 880 मरीजों के खून की जांच की गई है। इसका कारण मौसम में परिवर्तन है। लोगों को अपने खान–पान पर ध्यान रखना चाहिए। खानपान में सावधानी बरतने की जरूरतः पीएचसी नेवादा के चिकित्सक डा.शशांक गुप्ता ने बताया कि आज–कल मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। यह बीमारियां बढ़ने का एक बड़ा कारण है।सुबह शाम गर्म कपड़े पहनने के अलावा ऐसे मौसम में खान–पान को लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।इसलिए हल्के एवं सुपाच्य भोजन सामग्री का ही सेवन करना चाहिए। इस मौसम में वातावरण में नमी होने के कारण प्यास भी कम लगती है लेकिन पानी फिर भी पीते रहना चाहिए। फल और सलाद आदि सामग्री को धोकर काटकर ही खाना चाहिए। खान–पान में तली भुनी वस्तुओं के सेवन से बचकर रहना चाहिए। इस मौसम में बीमारी से बचने के लिए रात्रि (बासी) के भोजन को सुबह नहीं खाना चाहिए। कोशिश करें कि पीने में गुनगुना पानी पीना चाहिए।

बुखार से पीड़ित पूर्व प्रधान के बेटे समेत तीन की मौत

कौशाम्बी। क्षेत्र में बुखार का कहर खत्म नहीं हो रहा है। बृहस्पतिवार को भी बुखार से पीड़ित पूर्व प्रधान के बेटे समेत तीन लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शवों का अंतिम संस्कार कर दिया है। नेवादा विकास खंड के धारूपुर माया राम का पूरा निवासी राकेश कुमार पूर्व प्रधान हैं। एक सप्ताह पहले उनका बेटा आशीष कुमार (23) बुखार की चपेट में आ गया था। हालत गंभीर होने पर परिवार के लोग इलाज के लिए उसे तिलहापुर मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। तीन दिनों तक चले इलाज के बाद देर रात पूर्व प्रधान के बेटे ने दम तोड़ दिया। इसी प्रकार चायल सीएचसी के मुरादपुर निवासी बच्चू लाल पुत्र बिंदेशरी लाल (45) मजदूर था। दो दिन पहले वह भी बुखार की चपेट में आ गया। गलत गंभीर होने पर परिवार के लोग बच्चू लाल को इलाज के स्थानीय अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार सीएचसी चायल क्षेत्र के महमूदपुर मनौरी निवासी मजहर उल्ला किसान हैं। चार दिन पहले उनकी बेटी हेमा (19) को तेज बुखार आने पर इलाज के लिए प्रयागराज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां बृहस्पतिवार की सुबह हेमा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इलाके में बुखार से होने वाली मौतों को लेकर दहशत की स्थिति है। घटनाओं से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

सिर में गोली लगने से युवक घायल, गंभीर

देवरिया। सदर कोतवाली के पुरवा बाहर निवासी एक युवक सुबह सिर में गोली लगने से घायल हो गया। परिजन युवक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देख मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने युवक के घर की तलाशी ली तो एक तमंचा, तलवार और दस कारतूस बरामद हुए। गौरी बाजार थाना क्षेत्र के बांसपार गांव निवासी अतुल मणि त्रिपाठी (28) सदर कोतवाली के मेहड़ा पुरवा गांव स्थित निजी मकान में रहता है। सुबह मां, बहन के साथ गांव से मेहड़ा पुरवा पहुंचा। इसके बाद अतुल मणि को कमरे में सिर पर गोली लग गई। गोली लगने से वह गिर गया। आवाज सुनकर परिजन और उसके भाई कमरे में पहुंचे। गंभीर रुप से घायल अतुल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने मेडिकल कालेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया। घटना की जानकारी होते ही सीओ श्रीयश त्रिपाठी और कोतवाल कपिल देव चौधरी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने कमरे की तलाशी लेनी शुरू की तो तमंचा, दस कारतूस और बीस खोखा, तलवार बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार युवक दीपावली के दिन गांव गया था। सुबह किसी बात को लेकर अपने घर वालों से विवाद हो गया। इसके बाद जान देने की धमकी देते हुए वह बहन, मां को लेकर साथ मेहड़ा पुरवा के लिए निकल पड़ा। यहां आकर उसने खुद को गोली मार ली है। सीओ ने बताया कि पारिवारिक विवाद के कारण युवक ने गोली मार ली है। जांच की जा रही है।

चकमा देकर उचक्का सोने का ब्रेसलेट लेकर फरार

धानी बाजार। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के धानी बाजार में उच्चका एक दुकानदार का सोने का ब्रेसलेट लेकर फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। जानकारी के अनुसार धानी बाजार निवासी दीपक अग्रहरि की धानी बाजार के मंदिर चौराहे पर ज्वेलरी की दुकान है, जबकि उनके पिता सूरजलाल कपड़े की दुकान धानी बाजार के काली मंदिर वाली रोड पर स्थित अपने घर में चलाते हैं। .मोटरसाइकिल सवार एक युवक कपड़े की दुकान पर आया और उनके पिता सूरजलाल से कहा कि हमें सिंटू भैया उर्फ दीपक ने भेजा है। आप अपने हाथ का ब्रेसलेट दे दीजिए। इसी तरह का ब्रेसलेट हमको भी बनवाना है। ब्रेसलेट का साइज देखकर सिंटू भैया आपको वापस भिजवा देंगे। दीपक के पिता ने सोने का ब्रेसलेट निकाल कर युवक को दे दिया। काफी समय बीतने के बाद जब उक्त युवक ब्रेसलेट लेकर वापस नहीं आया तो सूरजलाल ने बेटे दीपक को फोन करके पूरी बात बताई तो सबके होश उड़ गए। चौकी प्रभारी धानी रमेश पुरी का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है।

मूर्ति विसर्जन के दौरान जेनरेटर से दबकर किशोर की मौत

फरेंदा। कस्बे में मूर्ति विसर्जन के दौरान एक किशोर की जेनरेटर के पहिए के नीचे आने से मौत हो गई। घटना के बाद माहौल गमगीन हो गया। घटना के बाद से किशोर के गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो रो–कर बुरा हाल है। फरेंदा क्षेत्र के सिधवारी टोला विश्रामपुर निवासी मुक्तिनाथ का 14 वर्षीय पुत्र संदीप रात घर में मूर्ति विसर्जन देखने फरेंदा कस्बे में दोस्तों के साथ पहुंचा था। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे विष्णु मंदिर के पास ट्रॉली पर लदी माता लक्ष्मी व भगवान गणेश की प्रतिमा के साथ डीजे की धुन पर युवा नाच रहे थे। साथ ही ट्रॉली के साथ 63 केवी का जेनरेटर भी जा रहा था। उसी दौरान जेनरेटर का पहिया संदीप के ऊपर चढ़ गया। जिसके नीचे दबकर संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद पुलिस ने घायल किशोर को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने संदीप को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ भी मौके पर पहुंचे। किशोर परिवार का सबसे छोटा बेटा था। मौत की जानकारी होते ही मां संभा देवी व दादी छंगूरी बदहवास हो गईं। पिता मुक्तिनाथ, भाई राममिलन, धर्मेंद्र व बहन अकाली का रो रो–कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

मुंबई कमाने गए व्यक्ति की मौत

मिठौरा। सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा हरिहरपुर टोला गोबरही के रहने वाले राम लवट (45) की रात मुंबई में अचानक तबीयत खराब से मौत हो गई। सिंदुरिया थाना क्षेत्र के हरिपुर टोला गोबरही निवासी राम लवट छह माह पहले मुंबई के अंधेरी में दिहाड़ी मजदूरी करने गए थे। वह टाइल्स लगाने का काम करते थे। . रात अचानक तबीयत खराब होने के बाद लोगों ने अंधेरी स्थित सरकारी अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। राम लवट के परिवार में पत्नी वनवासी और तीन पुत्रियां पूनम, रीमा, सोनम और एक पुत्र विजय कुमार है। राम लवट दो भाइयों में बड़े थे। मृतक राम लवट के भाई रामकेवल ने बताया कि मुंबई से एंबुलेंस से राम लवट के शव को गांव में मंगाया जा रहा है। यहीं पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

मूर्ति विसर्जन कर आ रहे युवक की पिटाई

परतावल। श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बैरिया में लक्ष्मी मूर्ति विसर्जन के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है। इस मामले में बैरिया निवासी रामसेवक ने श्यामदेउरवा पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। रामसेवक ने बताया कि 26 अक्तूबर को भतीजा अनीश लक्ष्मी की मूर्ति विसर्जन करने गया था। मूर्ति विसर्जन कर वापस आते समय गांव के ही कुछ युवकों ने हरपुर स्कूल के पास ट्रैक्टर ट्राली रोककर पीटने लगे। श्यामदेउरवा थानाध्यक्ष आनन्द कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

बाइक से गिरकरन महिला घायल

मीरजापुर। अस्पताल से घर लौट रही महिला स्वास्थ्य कर्मी बाइक से अनियंत्रित होकर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई, चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार लालगंज थाना क्षेत्र के बसही कला निवास चमेला देवी 55 साल सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र लालगंज में दाई के पद पर कार्य करती है. रोज की तरह वह अस्पताल से कार्य करके अपने परचित के साथ बाइक पर बैठ कर अपने घर जा रही थी कि हाइवे रोड पर बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसमें चमेला देवी को गम्भीर चोट लग गई। प्रथमिक उपचार के बाद जिलाअस्पताल रेफर कर दिया गया।

दोआबा में जनजीवन ठहरा, पिड़रा पुल पर पुलिस का पहरा

रुद्रपुर। दो नदियों के बीच बसे दोआबा के दो लाख लोग एक माह से अपने घरों में कैद हैं। पिड़रा पुल का एप्रोच धंसने और सड़क कटने से बाधित रास्ता 32 दिनों बाद भी बहाल नहीं हो पाया है। दोआबा का मुख्य द्वार कहे जाने वाले पिड़रा पुल पर कटान के कारण दोनों ओर पुलिस का पहरा लग गया है। एक माह से कटान रोक कर रास्ता चालू करने की कोशिश में जुटा पीडब्लूडी पूरी तरह असफल साबित हो रहा है।

दीपावली के दिन हुई भीषण कटान से बचा एप्रोच भी कट कर नदी में विलीन हो गया। एक माह में तीन बार गोर्रा नदी पीडब्लूडी के किए धरे पर पानी फेर चुकी है। कटान पाटने को .. गिराई गईं पेड़ों की टहनियों और मिट्टी से भरी बोरियों को फिर नदी बहा ले गई। स्थिति नियंत्रण में होने का लगातार दावा करने वाला प्रशासन पूरी तरह बेबस नजर आ रहा है। रास्ता बहाल होने में देरी से अब लोगों का गुस्सा बढ़ने लगा है।

सपा नेता हरेंद्र सिंह त्यागी और सब्बीर अहमद ने कहा कि प्रशासन ने दोआबा की दो लाख आबादी को उनके हाल पर छोड़ दिया है। रास्ता बंद होने से लोगों की माली हालत बिगड़ती जा रही है। कार्यदायी संस्था की लापरवाही और प्रशासन की उदासीनता के कारण रास्ता चालू नहीं हो पा रहा है। यदि एक सप्ताह में रास्ता बहाल नहीं हुआ तो दोआबा के लोगों को लेकर पिड़रा पुल पर धरना–प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

बढ़ गया आने–जाने का किराया

रुद्रपुर। पिड़रा के पक्के पुल का एप्रोच कटने से आठ किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए 30 किलोमीटर का चक्कर काटना पड़ रहा है। इस कारण आने–जाने का किराया भी बढ़ गया है। पचलड़ी, रमपुरवा, सरांव, भेड़ी बकरुआ आदि 52 गांवों के लोगों को तहसील मुख्यालय आने के लिए 20 रुपये की जगह 40 रुयये किराया देना पड़ रहा है। वहीं, ये लोग जान जोखिम में डाल कर नरायनपुर से बहोरादलपतपुर होकर बंध पर संकरे मार्ग से यात्रा कर रहे हैं। इस मार्ग से चलने वाली गाड़ियों के 40 फीट नीचे खाई में गिरने का डर बना हुआ है।

चौपट हो गया छोटे दुकानदारों का धंधाः एकौना। पुल का एप्रोच कटने बाद बंद रास्ते के कारण पचलड़ी चौराहे के ठेला, खोमचा वालों से लेकर दुकानदारों के कारोबार पर बुरा असर पड़ा है। यहां सब्जी, अंडा, मुर्गा, मछली, मूंगफली आदि बेचने वालों का धंधा चौपट हो गया है। चौराहे के दुकानदारों की बिक्री करीब 70 प्रतिशत कम हो गई है। ईश्वरपुरा निवासी रामसहाई पासवान पचलड़ी चौराहे पर फल का ठेला लगाते हैं। उन्होंने कहा कि पहले दिन भर में 10 हजार रुपये तक फल की बिक्री हो जाती थी। आवागमन बंद होने से तीन से चार सौ रुपये तक ही फल बिक पा रहा है। ग्राहक नहीं आने से ज्यादातर फल खराब हो जा रहे हैं। पचलडी निवासी मूंगफली के दुकानदार नीरज वर्मा ने कहा कि पहले एक हजार की मूंगफली बेच देता था। अब मुश्किल से सौ दो सौ रुपये की मूंगफली बिक रही है। सरांव बुजुर्ग निवासी इंद्रजीत प्रसाद पकौड़ी की दुकान लगाते हैं। वह रोज पांच से सात हजार का धंधा कर लेते थे, आवागमन बंद होने के बाद किसी तरह दो चार सौ रुपये का धंधा हो रहा है। रुद्रपुर निवासी परमानंद चौरसिया जो चौराहे पर चाउमीन का ठेला लगाते हैं । पहले दो से तीन हजार रुपये का बिक्री करते थे। अब एक हजार का भी काम नहीं हो पा रहा है। पचलड़ी चौराहे के सभी दुकानदारों की बिक्री पर भारी असर पड़ा है।

बहनों ने भाई की लंबी उम्र के लिए भगवान गोवर्धन से प्रार्थना की

महराजगंज। जिले में धूमधाम से गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। जगह–जगह समूह में बहनों ने पूजन कर गोधन कूटा। इसके बाद भाई को तिलक लगाकर पूजा की। साथ ही लंबी उम्र की कामना की। गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की प्रतिमा बनाकर सामूहिक रूप से पूजा की। शहर से लेकर गांव तक गोवर्धन पूजा की धूम मची रही। सोशल मीडिया पर बधाई देने की भी होड़ लगी रही।

शहर के राजीव नगर, शास्त्री नगर, जय प्रकाश नगर, लोहिया नगर समेत अन्य मोहल्ले में गोवर्धन की पूजा की गई। ग्रामीण क्षेत्र में गोर्वधन पूजा की धूम रही। इस दौरान महिलाएं व युवतियां विधि–विधान से भगवान गोर्वधन का पूजा कर भाइयों की लंबी उम्र की कामना की। बहनों ने भाई के लंबी उम्र की कामना के लिए भगवान गोवर्धन से प्रार्थना की। महिलाओं व नव युवतियों ने सुबह के समय पूजा स्थल पर गाय के गोबर से गोवर्धन प्रतिमा बनाई।

पंडित दिवाकर मणि त्रिपाठी ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन यमराज अपनी बहन यमुना के घर भोजन करने गए थे। भोजन के बाद बहन यमुना ने उनसे वर मांगा कि जो भी बहन इस दिन पूजन करेगी, उन्हें उनका भय नहीं होगा। दूसरी कथा के अनुसार नरकासुर के वध के बाद श्रीकृष्ण अपनी बहन सुभद्रा के घर इसी दिन गए थे, इसीलिए भैयादूज मनाया जाता है। तीसरी कथा के अनुसार इंद्र का अभिमान चूर करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को सात दिनों तक अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाए रखा था। सातवें दिन उन्होंने गोप व गोपिकाओं को अन्नकूट उत्सव मनाने को कहा। उसी दिन से गोवर्धन पर्वत की पूजा की परंपरा शुरू हुई।

सिंदुरिया प्रतिनिधि के अनुसार मिठौरा क्षेत्र में भ्रातृ द्वितीया या भैया दूज का पर्व मनाया गया। इस त्योहार पर बहनों ने सुबह के वक्त स्नान करके गोबर से गोवर्धन की आकृति बनाकर पूजा की। इसके बाद मंगलगीत गाकर गोवर्धन को मूसल से कूटा। बहनों ने सुबह से व्रत रखा और पूर्वाह्न अपने–अपने भाइयों को फरा– पीठा व खीर खिला कर उनकी लंबी उम्र की कामना की।

नौतनवां प्रतिनिधि गौतमबुद्ध में वार्ड में राजेश राना के घर भाईदूज पर्व मनाया गया। सुदीक्षा राना ने अपने भाई मोहित राना तथा आनंद राना को सात रंग का टीका लगाकर, आरती उतारकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। भूतपूर्व सैनिक तथा गोरखा समाज के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार राना ने बताया कि भाईदूज पर्व के मौके पर भाई बहन के घर जाकर टीका लगवाते हैं। इस मौके पर मोहित राना, अनुष्का राना, जेसिका राना, सुजल राना आदि मौजूद रहे।

हलिया पुलिस ने चोरी के 15 बंडल लोहे के सरिया के साथ दो को किया गिरफ्तार

ड्रमंडगंज मीरजापुर। हलिया थाना पुलिस द्वारा 15 बंडल (वजन करीब–7.5 कुंतल) चोरी गयी लोहे की सरिया बरामद कर 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार थाना हलिया में, जनपद मीरजापुर पर 26 अक्टूबर को अंकित पाण्डेय पुत्र चतुर्भुज पाण्डेय निवासी रामपुर मांझा, थाना करण्डा, जनपद गाजीपुर द्वारा लिखित तहरीर बावत ग्राम हथेड़ा में निर्माणाधीन कृषि गोदाम से 15 बंडल सरिया (लोहे का छड़) चोरी हो जाने के सम्बन्ध में दी गई थी। जिसके आधार पर थाना हलिया पर मुअसं–169ध्2022 धारा 379 भादवि बनाम प्रदीप बिन्द पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी व सामान की बरामदगी करायें जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक हलिया को निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज को उप निरीक्षक सुभाष चन्द्र यादव मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना हलिया क्षेत्र से अभियुक्त प्रदीप बिन्द पुत्र सतीश बिन्द निवासी रामपुर मांझा थाना करण्डा जनपद गाजीपुर व अरुण कुमार यादव पुत्र रामधनी यादव निवासी पूरवा औसान सिंह थाना हलिया जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर मुअसं–169ध्2022 धारा 379ध्411 भादवि से सम्बन्धित चोरी गयी 15 बंडल सरिया (लोहे का छड़) वजन करीब7.5 कुंतल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर सरिया की चोरी कर बेचने जा रहे थे कि पकड़े गए। गिरफ्तार अभियुक्त प्रदीप बिन्द उपरोक्त वहीं पर चौकीदारी का कार्य भी करता था। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए न्यायालय जेल भेजा गया।

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री की बहनों ने लगाया टीका

सोनौली (महराजगंज)। नेपाल में सबसे पड़े पर्वो में एक पर्व भाईटीका भी है। इस पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन बहनें भाइयों के दीर्घायु होने की कामना करती हैं और भाइयों से आदरपूर्वक उपहार लेती हैं। भारत में मनाए जाने वाले पर्व भाई दूज को नेपाल में भाई टीका के नाम से मनाया जाता है। बहन, भाई के लंबे जीवन के लिए प्रार्थना करती है। सीमावर्ती नगर रूपनदेही सहित पूरे नेपाल में पर्व धूमधाम से मनाया गया। सीपीएन–यूएमएल के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने अपनी बड़ी और छोटी तीनों बहनों विष्णुमाया ढकाल, कौशल्या कोइराला और विष्णु कुमारी पौडेल से सुबह 11रू37 बजे बालकोट, भक्तपुर स्थित अपने आवास पर टीका लगवाया। टीका लगाने के बाद, ओली ने भी उन्हें टीका लगाया। नेपाल में, बहनों द्वारा अपने भाइयों को टीका लगाने के बाद बहनों को टीका लगाने की प्रथा है। टीका लगाने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने देश वासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाइयों–बहनों को मिलने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि हर त्योहार का महत्व अलग होता है और त्योहारों की रक्षा और उन्हें बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने कहा, हमारे त्योहार बहुत महत्वपूर्ण हैं। नेपाल में इस पर्व के मनाए जाने के पीछे एक धारणा यह भी है कि इसी बहाने भाई विवाहित बहनों के घर की माली हालत का भी जायजा लेते हैं और उसी अनुसार बहन को उपहार देते हैं। नेपाल में इस पर्व पर बहनों को खेत और मकान तक देने का रिवाज है। परंपरागत रुप से, सभी भाई इस दिन अपनी विवाहित बहनों के घर जाते हैं। बहनें भी भाई के लंबे जीवन और अच्छे स्वास्थ्य लिए प्रार्थना करती हैं।

सड़क पर पानी बहने से डेंगू को दावत देता कोल धरकार बस्ती

लालगंज, मी मीरजापुर। रजापुर. लालगंज तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा दुबार कलां के कोल एवं धरकार बस्ती में हैंडपंप का पानी बहने से सड़क पूरी बद से बदतर हो गई है। जहां डेंगू का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। सड़क के बगल नाली बनवाने के लिए बस्ती के लोग कई बार ग्राम प्रधान एवं ब्लाक प्रमुख के पास अर्जी लेकर गए, लेकिन आज तक किसी ने भी इस बस्ती के ऊपर नजर नहीं डाला जिससे आए दिन मच्छर बढ़ते जा रहे हैं और इस समय डेंगू बुखार का प्रकोप भी काफी तेजी से फैल रहा है अगर प्रशासन ध्यान नहीं देता है तो इस बस्ती में डेंगू के मरीज काफी मात्रा में आने वाले आने वाले कल में मिलने की संभावना है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सफाई कर्मी भी कभी नजर नहीं आते हैं इससे साफ सफाई व्यवस्था पूरी तरह से जहां चरमरा गई है वहीं संक्रामक बीमारियों को भी बढ़ावा मिलने का भय बना हुआ है आश्चर्य की बात है कि इन दिनों जहां डेंगू वायरल बुखार का प्रकोप जहां फैला हुआ है तो स्वास्थ विभाग और प्रशासन द्वारा निरंतर गांव में दवा छिड़काव के साथ साफ सफाई व्यवस्था मुकम्मल रखे जाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। वहीं इस गांव में साफ सफाई व्यवस्था से लेकर दवा छिड़काव तक का कार्य नदारद है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश होने के साथ–साथ संक्रामक बीमारियों के फैलने का भी भय बना हुआ है।

डीपीआरओ ने छठ घाटों के साफ सफाई को लेकर किया निरीक्षण

सफाई के लिए दिया सफाई कर्मचारियों को निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। आस्था का महापर्व छठ पंचायत पिपरौली एवं जैतपुर में ग्रामीणों द्वारा तैयार किये गए छठ घाट का तालाब में व्यापक मात्रा में जलकुंभी को साफ कराए जाने हेतु संबंधित पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान अब्दुल खलिक को निर्देशित किया गया, बताया गया कि छोटी एवं बड़ी नाव की व्यवस्था कर जाल के माध्यम से सभी जलकुंभी को निकालकर उसका निस्तारण किया जाए। निरीक्षण के

के आयोजन के निमित्त पंचायती राज विभाग के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों नदियों एवं आदर्श सरोवरों के किनारे साफ सफाई की व्यवस्था को प्राथमिकता पर लेते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर ने विकासखंड पिपरौली की ग्राम निरीक्षण किया गया, तालाबो के किनारे जल कुंभियो की सफाई, मुख्य रास्ते की सफाई, घास फूस तथा झाड़ियों की सफाई अनुपयुक्त प्लास्टिक एवं गंदगी की सफाई कागज, पेपर, कांच इत्यादि का निस्तारण हेतु तैनात सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया गया, दौरान जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण बच्चा सिंह सहायक विकास अधिकारी पंचायत पिपरौली अरविंद सिंह एवं पंचायत सचिव ग्राम प्रधान अब्दुल खलिक खंड प्रेरक अजय कुमार यादव एवं राम प्रजापति उपस्थित थे।

विशुनपुरा खुर्द में छठ घाटो की सफाई किया गया

पड़रौना/कुशीनगर। जनपद कुशीनगर के विकास खंड बिशनपुरा अंतर्गत बिशनपुरा खुर्द में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर क्षेत्रों में तैयारियां जोर सोर से शुरू हो गई है छठ घाटों कि साफ सफाई और बेदियो कि रंगाई–पुताई का कार्य भाजपा नेता शिवप्रताप मद्धेशिया द्वारा अपने सहयोगियों के साथ मिलकर इस कार्य को किया गया ।इस मौके पर बिशुनपुरा खुर्द के छठ घाट को सफाई करते भाजपा नेता अजय गुप्ता , गोलू गुप्ता नंदू मद्धेशिया ,अंगद यादव ,सोनू मद्धेशिया ,इंद्रासन गोंड प्रकाश गोंड, आदि गांवों में पोखरों व जलाषयों को साफ सफाई बहुत तेजी से कराया जा रहा है।

भारत रत्न लौह पुरुष की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जायेगाः डीएम

कुशीनगर। जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम ने बताया है कि 31 अक्टूबर 2022 को भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाया जाएगा। राष्ट्रीय एकता दिवस पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस क्रम में प्रातः 8रू00 बजे प्राथमिक विद्यालयों के छात्र–छात्राओं द्वारा अपने अपने क्षेत्र में प्रभातफेरी का आयोजन तथा माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों के रैली का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 9रू00 राज्य पुलिस व अन्य वर्दीधारी बलों द्वारा संयुक्त रूप से मार्च पास्ट का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 10रू00 बजे लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रीय एकता पर आधारित शपथ पढ़ा जाएगा। दोपहर 12रू00 बजे लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जीवनी एवं दर्शन पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती का आयोजन ग्रामीण स्तर पर युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दलों के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली युवाओं को जोड़कर आयोजित की जाएगी।

सैकडों ग्रामीणों के बीच हुआ कोटेदार के खिलाफ खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने लिया बयान

चिरैयाकोट, मऊ। थाना क्षेत्र के ग्रामसभा हाफिजपुर की कोटेदार रिंकू देवी पत्नी अरविंद कुमार के खिलाफ ग्राम प्रधान सुनिता देवी पत्नी अशोक कुमार और ग्रामीणों द्वारा उपजिलाधिकारी से लेकर जिलाधिकारी को कई शिकायती प्रार्थना पत्र कोटेदार के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु है तथा कोटेदार द्वारा घोर अनियमितताओं के साथ घटतौली तथा अधिक दाम लिए जाने की लगातार जांच करने की मांग किया जा रहा था। जिसकी जांच करने के लिए गुरुवार को पहुंचे खाद्य आपूर्ति अधिकारी आनंद कुमार यादव तथा कलर्क द्वारा ग्राम सभा हाफिजपुर के लोगों का बयान लिया है जिसमें से 42 लोगों ने विभिन्न प्रकार का आरोप लगाते हुए उन आरोपों के आधार पर लोगों का बयान दर्ज किया उसके बाद खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने एक सूची बनाकर अपने साथ लेकर चले गए और उन्होंने ने जांच के दौरान उस कोटेदार को भी बुलाया परन्तु वह कोटेदार मौके पर नहीं आया और उसके बाद स्थानीय लोगों से बयान लेने के पश्चात वह चले गये। सुधानी देवी ने बताया कि 35 के स्थान पर खाद्यान्न 30 किलों और दूसरी बार फ्री 10 किलो चावल तथा चीनी 2 किलो मूल्य 40 रुपए लिया गया था। संतरी देवी 35 किलो खाद्यान्न के स्थान पर 30 किलों और चीनी 3 किलो जगह पर 2 किलो मिला है। चंदा देवी 20 किलों खाद्यान्न के स्थान पर 18 किलो दो बार खाद्यान्न मिलता है। सबिता देवी 30 किलों के स्थान पर 25 किलो खाद्यान्न मिलता है। दासी 5 यूनिट के स्थान पर 2 3 किलो खाद्यान्न तथा चना तेल नहीं मिलता है। संभालती देवी, देवचंद्र राम, माया देवी, संध्या देवी, आशा देवी, मंशा देवी, सुनीता देवी, प्रेमशीला देवी, मंतीदेवी, मुराही देवी, इंदू देवी, कैशिल्या देवी, भानूमती देवी, इनरमी देवी आदि महिलाएं तथा सौकडों ग्रामीण उपस्थित रहे।

धूम धाम से हुआ महाकाली, महालक्ष्मी व श्री गणेश जी के प्रतिमाओं का विसर्जन

दोहरीघाट, मऊ। ब्लॉक क्षेत्र की सबसे बडी ग्राम सभा गोंठा मे धूम धाम से गाजे बाजे के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। आपको बताते चलें की गोंठा में दीपावली के साथ यह महाकाली महालक्ष्मी व श्री गणेश की मूर्ति पूजा की परम्परा सन् 1993 से चली आ रही है। श्रद्धालुओं ने बडे धूम धाम के साथ माता की मूर्ति की स्थापना कर पूजन किया, जिसका विसर्जन बडे धूमधाम से हाथी, घोडे, रथ व गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए दोहरीघाट मां सरयू नदी में हुआ। मां का विसर्जन जुलूस जैसे ही काली चौक गोठा से निकला लोगों की आंखें नम हो गई और मां से जुदाई का दर्द लोगों की आंखों से अश्रु के रूप में छलक पडे, इस मार्मिक घडी को देख सबके आंखे गमगीन हो गई। हजारों की संख्या में मां कि विसर्जन के लिए जुलूस में भक्त शामिल हुए। विसर्जन जुलूस दोपहर 2 बजे से गोंठा स्थित काली चौक से चलकर रामलीला, बाजार होते हुए दोहरीघाट मां सरयू के पावन तट पर पहुंचा। जहां नम आंखों से भक्तो ने सरयू नदी में मूर्तियो को प्रवाहित किया। इस विसर्जन जुलूस गांव की माताओ बहनो ने भी अपना उत्साह दिखाया और झुमते गाते विसर्जन जुलूस में शामिल हुई। विदाई जूलूस में दोहरीघाट का पुलिस प्रशासन पूरे मुस्तैदी से मौजूद रहकर विसर्जन जुलूस को शांति पूर्ण तरीके से सफल कराया। विसर्जन जुलूस में समिति के हरवेश गुप्ता, शैलेन्द्र राय, सुधीर गुप्ता, संतोष गुप्ता, आदर्श गुप्ता, नवीन रावत, प्रिस, टिंकू राय, प्रियांशु, कृष्णा, सुदीप, हिमांशु, चंदन, विशाल, मनोज, मनु, अमन सहित सभी पदाधिकारी एवं भक्तगण मौजूद रहे।

जाम के झाम में फँसा मधुबन

मधुबन, मऊ। स्थानीय कस्बा में सड़क पर गाड़ी खड़ा किये जाने से लगभग आधा घंटा तक बाजार में जाम लगा रहा। वही पुलिस मूकदर्शक बनी रही। मधुबन कस्बा बाजार में सड़क पर गाड़ी खड़ा कर बाजार किये जाने साथ ही सड़क पर दुकानों से माल उतारने से बाजार में दोनों तरफ से लम्बी लाइन लगी रही जा। वही एक भी पुलिसकर्मी सड़क से जाम हटवाने के लिये नही दिख रहे थे। शाम के वजह से स्कूली बस भी जाम की झाम में फँसकर निकलने के प्रयास में रहे। जबकि पुलिस की उदासीनता के कारण से मधुबन कस्बा बाजार में जाम आये दिन लगता है। यही कारण रहा है कि शुक्रवार की शाम करीब तीन बजकर 30 मिनट पर जाम लगा रहा। वही वाहनों के बड़ी मशक्कत के बाद जाम से मिला निजात।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक
श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट-हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.-UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

☎ 9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद-सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

सैकडों घर का बिजली कनेक्शन काटे जाने से लोग अंधेरे में रहने के लिए मजबूर

चिरैयाकोट, मऊ। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर एक रसूलपुर में विद्युत विभाग द्वारा विद्युत कनेक्शन धारकों के यहां बिजली का बिल बकाया होने पर उन लोगों का विद्युत विभाग द्वारा कनेक्शन काट दिया गया। वहीं बकायादारों से बिजली बकाया होने के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा समय पर बिल नहीं मिलने के कारण हम लोगों का बिल बकाया हो गया है उसी वजह से विद्युत विभाग द्वारा हम लोगों का कनेक्शन काट दिया गया है। वहीं इस संबंध में कई और विद्युत उपभोक्ताओं से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा क्यों काटा गया है हम लोगों को पता नहीं है। बाद में पता करने पर चला है बिजली का बिल बकाया होने पर कनेक्शन काट दिया गया है। जबकि इस मुहल्ला में लगभग 200 लोगों से अधिक आबादी वाला क्षेत्र है।

कल पूरी रात लोग अंधेरे में रहने के लिए विवश रहे। जब इस संबंध में खंड अवर अभियंता अवर अभियंता रानीपुर मनोज कुमार से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उन लोगों का बिल बकाया होने के कारण कनेक्शन काट दिया गया है उन लोगों द्वारा दो सप्ताह पहले विद्युत बिल के बकाया भुगतान करने के संबंध में बताया गया था। उन लोगों के द्वारा यह कहा गया था कि दिपावली के बाद आंशिक बिल भुगतान कर देंगे। परन्तु आजतक भुगतान नहीं होने पर उन लोगों का कनेक्शन काट दिया गया है।

उनसे यह भी पूछा गया वार्ड न०1 में गौशाला तथा सार्वजनिक शौचालय का भी विद्युत विभाग द्वारा कनेक्शन काट दिया गया है तो उन्होंने यह बताया कि नगर पंचायत द्वारा गौशाला तथा सार्वजनिक शौचालय का कनेक्शन नहीं लिया गया है। वह अवैध रूप से चल रहा था। इस लिए उसे भी काट दिया गया है। वही ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर यह भी आरोप लगाते हुए यह बताया कि हम लोगों के यहां बिजली द्वारा कनेक्शन कर दिया गया है परन्तु आजतक न ही तो मीटर लगाया गया है और ना ही जिस घर मीटर लगाया गया है उसका कोई मीटर रेडिंग करने आता है वहीं विद्युत बिल बकाया के बारे में पूछने पर लोगों ने बताया की कई वर्षों के बाद हम लोगों के यहां गुरुवार को बिजली विभाग के लोगों ने हम लोगों को बताया कि बिजली का इतना रुपया बिल बकाया है तब हम लोग एक साथ कैसे उतना रुपया जमा कर पायेंगे।इस बात को लेकर विद्युत विभाग द्वारा कनेक्शन काट दिया गया है।जब गूडडू राम से पूछा गया तो उन्होंने ने बताया कि हमारें पिता के नाम पर बारह हजार रुपए बकाया बिजली विभाग द्वारा बकाया बताया गया है तो एक व्यक्ति ने कहा कि हमारे यहां 15 हजार रुपए बकाया बताया गया है इस तरह से हम लोग मजदूरी करके अपना जीवन यापन किसी तरह से करते है। तो इतना रुपया इकट्ठा नहीं जमा कर पायेंगे। वहीं जब घुरभारी राम और अंबिका दास से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हम प्रति माह बिजली का बिल जमा करते र है उसके बाद भी विद्युत विभाग द्वारा हमारा भी कनेक्शन काट दिया गया है।हम सभी लोग यह चाहते है कि बिजली विभाग द्वारा नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान लिया जाता तो हम लोगों के ऊपर आज इस तरह का कर्ज बिजली विभाग का नहीं रहता इस मुश्किल से हम लोगों की सहायता विद्युत विभाग ही करेगा बिजली विभाग हम लोगों के बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप चालू करें अन्यथा हम सभी लोग बिजली विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य हो जायेंगे। इस तरह से विद्युत विभाग द्वारा आपूर्ति बंद किया जाना नहीं चाहिए था परन्तु विद्युत विभाग द्वारा आपूर्ति बहाल नहीं किया जायेगा तब हम लोग सुनिश्चित रूप से हो जाने पर विद्युत बिल जमा अवश्य कर देंगे।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन के सम्बंध में बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न

मऊ। कलेक्ट्रेट सभागार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन के सम्बंध में बैठक मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला क्षय रोग अधिकारी डा० जीसी पाठक ने स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की कार्य योजना प्रस्तुत की। उन्होने बताया कि जनपद के ब्लाकों 07 दोहरीघाट, घोसी, कोपागंज, फतेहपुर मण्डाव, मु०गोहना, रानीपुर एवं परदहाँ विकास खण्ड के प्रवासी बाहुल्य संवेदनशील गावों एवं उनके निकट 04 अन्य ग्रामों के प्रवासियों हेतु स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन 03 नवम्बर से 29 नवम्बर के बीच किया जाना है। उक्त स्वास्थ्य शिविरों में सामान्य स्वास्थ्य की जाँच करके निःशुल्क औषधियाँ वितरित की जायेंगी। अत्यधिक गंभीर रोग ग्रसित मरीजों को सामु०स्वा० केन्द्र अथवा जिला चिकित्सालय रिफर किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि 07 स्वास्थ्य शिविरों में किये गये सर्वेक्षण के आधार पर कुल लगभग 2000 प्रवासी परिवारों को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में एसटीओ पाठक ने कहा कि सभी सम्बन्धित अधीक्षक शिविर स्थल पर आवश्यक औषधियों एवं उपकरणों के साथ स्वयं भी कार्य योजना के अनुसार प्रतिभाग करेंगे। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक स्वास्थ्य शिविर के प्रचार–प्रसार हेतु उपस्थित विभागीय नोडल अधिकारी अपने स्तर लेते हुए कार्य करें, जिससे सरकार द्वारा चलायी जा रही उपरोक्त प्रवासी परिवारों हेतु आयोजित शिविरों में अधिक से अधिक लोगो को लाभान्वित किया जा सके एवं एचआईवी व टीबी जैसे गंभीर रोगो से लोगो जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि ने कहा कि सम्बन्धित ग्राम सभा के प्रधान शिविर के आयोजन में अनिवार्य रूप से सहयोग करें तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी शिविरों के संचालन व मूल्याकंन हेतु लगायी जाये तथा कृत कार्यों के फोटोग्राफ लेते हुए उनका एलबम बनाया जाये तथा समुचित अभिलेखाकंन भी किया जाये। उपरोक्त कार्यक्रम हेतु डा० जीसी पाठक जिला क्षय रोग अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया साथ ही सभी सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को विभागीय नोडल अधिकारी नामित किया गया। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबन्धक नागेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि समस्त स्वास्थ्य शिविरों के प्रचार–प्रसार हेतु सोसाइटी स्तर से नाटक एवं जादूगर टीम की टोली प्रत्येक गांव में विभिन्न कार्यक्रम करेगी।

शारदा नारायण अस्पताल में होगा निःशुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन

मऊ। आगामी 31 अक्टूबर को दिल्ली मेदांता हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम द्वारा शारदा नारायण हॉस्पिटल में निरूशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन करेगी। इसके संबंध में शारदा नारायण हॉस्पिटल के क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट डॉक्टर सुजीत सिंह ने मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली मेदांता हॉस्पिटल से विशेषज्ञ डॉक्टरों की चिकित्सकीय टीम द्वारा शारदा नारायण हॉस्पिटल में 31 अक्टूबर दोपहर 02 से शाम 5 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। डॉ सुजीत ने आगे बताया कि स्पेशलिस्ट डॉक्टर कार्डियोलॉजिस्ट और ऑकोलॉजिस्ट मतलब हृदय रोग विशेषज्ञ और कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देने शारदा नारायण हॉस्पिटल में आ रहे हैं। यह निःशुल्क जांच और परामर्श शिविर होगा जिसमें की सभी बीमारियों से संबंधित मरीज है वो आएंगे और उनको हम लोग निशुल्क जांच करके परामर्श देंगे। यह मेदांता हॉस्पिटल के स्पेशल डॉक्टरों द्वारा दिया जाएगा। हम सब से अनुरोध करेंगे कि अपने जनपद वासियों और आसपास के लोगों से कोई भी हृदय रोग से संबंधित या कैंसर रोग से कोई तकलीफ है तो वह आए और निशुल्क जांच कराएं और परामर्श लें।

जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

जिलाधिकारी	मो0:- 9454417530
मुख्य विकास अधिकारी	मो0:- 9454464749
एस डीएम नौगढ़	मो0:- 9454415936
एस डीएम बांसी	मो0:- 9454415937
एस डीएम डुमरियागंज	मो0:- 9454415939
एस डीएम इटवा	मो0:- 9454415939
एस डीएम शोहरतगढ़	मो0:- 9454415940
पुलिस अधीक्षक	मो0:- 9454400305
थाना मोहाना	मो0:- 9454404239
थाना जोगिया उदयपुर	मो0:- 9454404235
थाना गोलौरा	मो0:- 9454404233
थाना पथरा बाजार	मो0:- 9454404240
थाना त्रिलोकपुर	मो0:- 9454404243
थाना उसका बाजार	मो0:- 9454404244
थाना शोहरतगढ़	मो0:- 9454404241
थाना खेसरहा	मो0:- 9454404236
थाना इटवा	मो0:- 9454404234
थाना चिल्हिया	मो0:- 9454404229
थाना ढेबरूआ	मो0:- 9454404230
थाना भवानीगंज	मो0:- 9454404228
थाना मिश्रौलिया	मो0:- 9454404238
थाना सि0नगर	मो0:- 9454404242
थाना डुमरियागंज	मो0:- 9454404232
थाना लोटन	मो0:- 9454404237
महिला थाना	मो0:- 9454404891

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

अंडरपास की मांग को लेकर डीआरएम को सौंपा पत्रक

- इंदारा-दोहरीघाट रेलखंड के 14 सी पर अंडर पास व लिंक रोड बनाए जाने की मांग

मऊ। इंदारा–दोहरीघाट रेलखंड के 14 सी पर अंडरपास व लिंक रोड बनाए जाने की मांग को लेकर नगरपंचायत घोसी के सभासदों का एक प्रतिनिधि मंडल वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व अध्यक्ष शमसुल हसन व डीआरयूसीसी पूर्वोत्तर रेलवे के सदस्य व वरिष्ठ अधिवक्ता हरिद्वार राय के नेतृत्व में वृहस्पतिवार की सायं डीआरएम रामाश्रय पांडेय से मिला। इस दौरान डीआरएम ने प्रतिनिधि मंडल को अंडरपास को लेकर जिलाधिकारी मऊ को पुनः स्मरण पत्र भेजने तथा जनता के आवागमन को सुचारु रूप से बनाए रखने के लिए शीघ्र लिंक मार्ग बनाए जाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल ने डीआरएम को दिए गए मांगपत्र मे अवगत कराया कि इन्दारा दोहरीघाट रेलमार्ग सम्पार नंबर 14 सी बडागाँव घोसी पर स्थित है। सम्पार बन्द करने का अनुमोदन हुआ था जिसे जिलाधिकारी ने स्थलीय जॉच कराकर अण्डरपास का अनुमोदन कर मण्डल इन्जीनियर वाराणसी को पत्र भेजा। वरिष्ठ मण्डल इन्जीनियर लहरतारा वाराणसी ने जिलाधिकारी को लिमिटेड हाईट अण्डरपास बनाने के सम्बन्ध में सशर्त पत्र भेजा है। जिसकी प्रक्रिया जिलाधिकारी द्वारा की जा रही है, इस बीच रेलवे के ठेकेदारों ने ताजिया ,अलम झूला, जुलूसे मोहम्मदी रास्ता व मुर्दो को कब्रिस्तान तक ले जाने इमामबाडे तथा दुर्गा पूजा जलूस आदि का रास्ता पाटकर उचा कर रेल लाइन बनाने का कार्य किया जा रहा है। तथा सम्पार संख्या 14 सी पर मिट्टी पाटकर ऊंचा किया जा रहा है। जिससे बडागाँव घोसी व टाउनएरिया घोसी के नागरिकों का आवागमन रुक जायेगा। साथही सप्ताह में लगने वाली बाजार ,स्कूल आदि बन्द होने के कगार पर है।, जिससे नगरवासियों को काफी मुश्किलो का सामना करना पडेगा। रेल लाइन के पूरब कोई सडक भी नही है। ऐसे में नगरवासियों को आने–जाने के लिए रास्ता सम्पार संख्या 14 सी पर अण्डर पास बनवाया जाय। तथा लिंक मार्ग बनवाए जाने की माग किया। प्रतिनिधि मंडल मे वरिष्ठ अधिवक्ता शमसुल हसन, सभासद दुरूल हसन, फिरोज अंसारी, असद नोमानी, अधिवक्ता विनोद कुमार सिंह आदि शामिल रहे।

एक महीने से संचालित सीएचसी भवन में बिजली नहीं, पानी का अभाव

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। लगभग एक महीने से संचालित नवनिर्मित सीएचसी भवन कर्मा में बिजली नहीं, व पानी का अभाव है, जिससे लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है हॉस्पिटल में कार्यरत लोगों से जब इस संबंध में वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया है देखिए कब तक होता है यह भी बताया गया की उच्च अधिकारियों द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया था लेकिन अभी तक संभव नहीं हो सका जब इस संदर्भ में विभागीय इंजीनियर विनय श्रीवास्तव से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि बोरिंग हुई थी बैठ गई है दूसरी बोरिंग करानी है कनेक्शन भी बिजली का हुआ था लेकिन डैमेज हो गया है फिर से कराया जा रहा है एक–दो दिन में कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा एक सप्ताह के अंदर बिजली व पानी संबंधित कार्य पूर्ण करा दिए जाएंगे।

उर्ध्वांचल क्षेत्र की खेल कूद प्रतियोगिता 29 अक्टूबर को

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित समस्त हाई स्कूल एवम इंटर कालेज के छात्र छात्राओं की उर्ध्वांचल जोन में आने वाले विद्यालयों की क्षेत्रीय खेल कूद सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन 29 अक्टूबर को प्रातः 09 बजे से मां विंध्य वासिनी इंटर कालेज पापी करकी माइनर के क्रीड़ा क्षेत्र पर किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक प्रधानाचार्य सरोज सिंह ने समस्त प्रधानाचार्य एवं व्यायाम शिक्षकों से प्रतिभागियों के साथ सुबह 9.00 बजे तक अवश्य उपस्थित होने की अपील किया है।

छठ पर्व में सुरक्षा व्यवस्था के रहेगें कडे इंतजाम

दैनिक बुद्ध का संदेश

- अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सहित पुलिस व प्रशासन की संयुक्तटीमों द्वारा किया गया छठ पूजन घाटों का निरीक्षण
- सभी घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की लगाई गई है ड्यूटी

सोनभद्र। प्रारंभ हो रहे छठ पर्व को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। सभी घाटों पर पर्याप्त संख्या में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। कालू सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा छठ पूजा के अवसर पर जनपद के थाना चोपन एवं थाना ओबरा में बने घाटों का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी छठ पूजन घाटों का निरीक्षण करते हुए सम्बंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

इन फायदों को जानकर आप भी रोज करने लगेंगे कच्चे पनीर का सेवन, आइये जानें

अगर आप शाकाहारी हैं तो पनीर का स्वाद आपने बहुत लिया होगा क्योंकि जब भी कुछ स्पेशल बनाना होता हैं तो ज्यादातर पनीर के व्यंजनों को ही स्नैक्स और आहार में शामिल किया जाता हैं। पनीर एक ऐसी चीज है जिसे नमकीन और मीठे दोनों रूपों में खाया जाता है। पनीर स्वाद में टेस्टी होने के साथ यह सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कच्चे पनीर का सेवन ज्यादा फायदेमंद होता हैं। प्रोटीन, वसा, कैल्शियम, प्रोटीन, फॉस्फोरस, फोलेट और कई न्यूट्रीएंट्स से भरपूर पनीर का सेवन कई तरह से सेहत को फायदा पहुंचाने का काम कारता हैं जिनके बारे में हम आपको आज बताने जा रहे हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में... प्रोटीन की आपूर्तिः पनीर खाने का सबसे अधिक कोई फायदा है तो वो है इसमें मौजूद हाई प्रोटीन। आपको बता दें कि एक कप पनीर में 24 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। इसके नियमित सेवन से आपका शरीर तो हेल्दी होगा ही, आपके मसल्स भी तेजी से मजबूत बनेंगे।

फाइबर की आपूर्तिः फाइबर की कमी होने पर आपको कमजोर इम्यून सिस्टम, बावसीर, कोलेस्ट्रोल, कब्ज और शुगर लेवल बढना जैसी प्रॉब्लम का सामना करना पड़ सकता है। अगर आपके शरीर में फाइबर की कमी है तो रोज इसका सेवन करें। दिन में कम से कम 1 बार कच्चा पनीर खाने से आपके शरीर में फाइबर की कमी पूरी हो जाएगी। वजन करता है कमः पनीर में हाई प्रोटीन होता है जो वजन को कंट्रोल में रखने के लिए जरूरी होता है। इसमें फैट और शुगर की मात्रा भी कम होती है। जिस से वजन को कंट्रोल में रखने में ये काफी मदद मिलती है। कच्चे पनीर में लीनोलाइक एसिड भी काफी मात्रा में पाया जाता है। इससे शरीर में फैट बर्निंग प्रॉसेस तेज होता है, जिससे आपको वजन कम करने में मदद मिलती है। इसलिए अपनी डाइट प्लान में कच्चा पनीर जरूर शामिल करें।

कैंसर से बचावः पनीर का सबसे बड़ा लाभ यही है, इसमें कोई शक नहीं। हाल ही में हुए एक शोध में यह साबित हुआ है कि पनीर में कैंसर जनित कारणों और खतरों को कम करने की क्षमता है। पेट के कैंसर, कोलोन कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर के इलाज में पनीर बेहद प्रभावी साबित हुआ है।

कैल्शियम करता है बूस्टः पनीर कैल्शियम का एक्सेलेंट सोर्स है। एक कप पनीर में 227 मिलीग्राम कैल्शियम पाया जाता है। जो कि आपके रोज के प्रोटीन इंटेक का 18त्न होता है। अगर आप नॉन फैट प्रोडक्ट खाना चाहते हैं तो पनीर बेस्ट ऑप्शन हो सकता है।

दांत और हड्डियां बनाए मजबूतः पनीर का सबसे बेहतरीन लाभ है कि यह आपकी हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है साथ ही कैल्शियम और फास्फोरस का एक बढिया स्त्रोत भी है। रोजाना पनीर का सेवन हड्डियों की समस्या, जोड़ों में दर्द और दांत के रोगों से बचाए रखने में बेहद मददगार है।

डाइबिटीज में फायदेमंदः ओमेगा 3 से भरपूर पनीर डाइबिटीज से भी बेहद प्रभावी तरीके से लड़ता है। विशेषज्ञ डॉक्टरों का कहना है कि वे भी अपने डाइबिटीज रोगियों को रोजाना पनीर को डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है, कि पनीर दोनों टाइप के डाइबिटीज के लिए प्रभावी साबित होता है।

मजबूत होगा मेटाबॉलिज्मः पाचन और पाचन तंत्र के लिए मेटाबॉलिज्म का रोल बहुत महत्वपूर्ण है। पनीर में अत्यधिक मात्रा में डायट्री फाइबर होते हैं जो भोजन के पाचन में बेहद मददगार साबित होता है। यह पाचन तंत्र के सुचारू रूप से चलने के लिए बेहद फायदेमंद और महत्वपूर्ण है।

किताबों के लिए प्यार मुझे मां से विरासत में मिला है : श्वेता तिवारी

टीवी उद्योग का लोकप्रिय चेहरा श्वेता तिवारी, जो वर्तमान में मैं हूं अपराजिता में तीन बेटियों की मां की भूमिका निभा रही हैं, ने खुलासा किया है कि किताबें पढने में उनकी अच्छी रुचि है और कहा कि एक अच्छा उपन्यास पढने से स्ट्रेस कम होता है। उनका कहना है कि, जब भी मेरे पास खाली समय होता है, मुझे एक अच्छी किताब पढने में मजा आता है। भले ही मेरे पास व्यस्त शूटिंग शेड्यूल हो, एक दिलचस्प उपन्यास पढना मुझे हमेशा खुश और तनाव मुक्त बनाता है। अभिनेत्री ने कसौटी जिंदगी की में प्रेरणा की भूमिका के साथ मनोरंजन उद्योग में अपनी जगह बनाई और कई दैनिक धारावाहिकों, फिल्मों और वेब श्रृंखलाओं में भी अभिनय किया। वह बिग बॉस 4 की विनर भी रहीं और फिर खतरों के खिलाड़ी 11 में हिस्सा लिया। उन्होंने हम, तुम और देम से डिजिटल डेब्यू किया था। अभिनय के अलावा, श्वेता किताबें पढने के अपने शौक के लिए कुछ समय निकालना सुनिश्चित करती हैं और अपनी मां से यह आदत विरासत में मिलने के बारे में कहती हैं। आगे उन्होंने कहा, एक बच्चे के रूप में, मुझे किताबें पढना पसंद था और मेरा मानना है कि मुझे अपनी मां से किताबों के लिए प्यार विरासत में मिला है। किताबों का मेरा संग्रह बचपन से बढ़ रहा है, वे वास्तव में मुझे खुश करते हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि किस तरह की किताबें पढना उन्हें पसंद हैं। मुझे भारतीय और यूरोपीय इतिहास के बारे में पढना पसंद है। यदि आप मुझसे मेरे वर्तमान पसंदीदा के बारे में पूछते हैं, तो वे पाउलो कोएल्हो द्वारा द अल्केमिस्ट, युवल द्वारा सेपियंस हैं। 42 वर्षीय अभिनेत्री ने आगे कहा, मुझे क्रिस्टिन हन्ना और कोलीन हूवर के लिखे गए उपन्यास पढना भी पसंद है। मैंने जो भी किताब पढ़ी है, मैं उस चरित्र से जुड़ती हूं, और यह एक और जीवन जीने जैसा है। मैं हूं अपराजिता जी टीवी पर प्रसारित होता है।

सिद्धार्थनगर का सबसे बड़ा प्रिन्टिंग पब्लिकेशन हाउस...
बुद्ध पब्लिकेशन
ऑफसेट एण्ड प्रिन्टर्स
जी.एस.टी. बिल बुक/फार्म • कार्यालय रजिस्टर • स्कूल कापी/फार्म/डायरी • पम्पलेट
कलर पोस्टर • कलर विजिटिंग कार्ड • डीजिटल लेटर पैड • बैंक फार्म
निकट-हीरो एजेन्सी नौगढ़ मधुकरपुर-सिद्धार्थनगर (उ.प्र.)
8795951917, 9453824459

रिलीज हुआ अभिषेक बच्चन की ब्रीद इनटु द शैडोज का ट्रेलर, और गहराया रहस्य

BREATHE
INTO THE SHADOWS
AMAZON ORIGINAL

अभिषेक बच्चन की वेब सीरीज ब्रीद इनटु द शैडोज अमेजन प्राइम पर काफी पसंद की गई थी। इस क्राइम थ्रिलर का नया सीजन भी जल्द प्रीमियर होने वाला है। गुरुवार को दूसरे सीजन का ट्रेलर जारी हो गया है। सीजन 2 में एक बार फिर से अभिषेक, अविनाश सबरवाल के किरदार में नजर आ रहे हैं। वहीं अमित साध भी पहले की तरह पुलिस अफसर कबीर के किरदार में हैं। नए सीजन में रहस्य और गहरा चुका है।

ट्रेलर में एक बार फिर से अविनाश और कबीर चूहे–बिल्ली की दौड़ करते नजर आए। रहस्यमई कातिल छ्व का रहस्य और उसकी क्रूरता इस बार एक स्तर आगे बढ़ चुकी है। वहीं कबीर ने भी ठान लिया है कि वह अविनाश को इस बार छोडने वाला नहीं है। इस बार यह क्राइम ड्रामा और डार्क नजर आ रहा है और ट्रेलर में कई विचलित करने वाले दृश्य हैं। ब्रीद इनटु द शैडोज 2 9 नवंबर को अमेजन प्राइम पर आएगी।

यह वेब सीरीज ब्रीद का स्पिनऑफ शो है। ब्रीद 2018 में आई थी। इसमें आर माधावन और अमित साध मुख्य भूमिका में नजर आए थे। वहीं ब्रीद इनटु द शैडोज 2020 में रिलीज हुई थी। इस सीरीज से अभिषेक बच्चन में ओटीटी पर डेब्यू किया था। एक पिता का प्यार किसी की जान बचा भी सकता है और जान ले भी सकता है, इस कॉनसेप्ट पर बनी इस सीरीज के निर्माता मयंक शर्मा हैं।

ब्रीद इनटु द शैडोज के अलावा अभिषेक ओटीटी के अन्य शो में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुके हैं। 2020 में ही वह नेटफ्लिक्स की फिल्म लूडो में नजर आए थे। इस फिल्म में अभिषेक के अलावा पंकज त्रिपाठी और राजकुमार राव भी थे। वह डिज्नी हॉटस्टार की सीरीज द बिग बुल में नजर आए थे। इसके अलावा जी5 पर उनकी बॉब बिस्वास और नेटफ्लिक्स पर दसवीं भी मौजूद है।

अभिषेक की सिनेमाघर में रिलीज होने वाली पिछली फिल्म मनमर्जियां थी। यह फिल्म 2018 में आई थी। उनकी आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह हाउसफुल 5 में नजर आएंगे। साजिद नाडियाडवाला की इस फिल्म में उनके साथ बॉबी देओल, अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और जॉन अब्राहम भी नजर आएंगे। इसके अलावा वह आदिपुरुष के निर्देशक ओम राउत की अगली फिल्म का भी हिस्सा हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार यह एक ऐक्शन ड्रामा फिल्म होगी।

केजीएफ को पछाड़ कांतारा बनी दूसरी सबसे बड़ी कन्नड़ फिल्म

फिल्म निर्माता–अभिनेता रिषभ शेट्टी की लेटेस्ट रिलीज कांतारा ने भारत में 170 करोड़ रुपये और विदेशों में 18 करोड़ रुपये कमाए। दोनों मिलाकर इसने 188 करोड़ रुपये की कमाई की है।


RISHAB SHETTY IN
KANTARA
A LEGEND
PRODUCED BY VIJAY KIRAGANDUR
WRITTEN AND DIRECTED BY RISHAB SHET
IN CINEMAS NOW

यह यश–स्टारर केजीएफ को पछाड़कर दूसरी सबसे अधिक कमाई करने वाली कन्नड़ फिल्म बन गई। दिवाली वीकेंड की वजह से फिल्म के कलेक्शंस में इजाफा हुआ है। फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 170 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। पिंकविला डॉट कॉम के अनुसार, चौथे सप्ताह के अंत से पहले यह 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर जाएगी। कांतारा ने कर्नाटक में अब तक लगभग 111 करोड़ रुपये की कमाई की है, जिसमें 14 करोड़ रुपये का चौथा सप्ताहांत है, जो कि केजीएफ 2 के पूरे चौथे सप्ताह का दोगुना है।

ठीक नहीं है बच्चों से मारपीट करना, पकड़ लेते हैं गलत राह

आज का युवा दम्पत्ति माता–पिता बनने से पहले ही अपने होने वाले बच्चे को हर सुविधा देने का प्रयत्न शुरू कर देते हैं। माता–पिता बनने के बाद वे अपने बच्चे पर अपनी जिन्दगी कुर्बान कर देते हैं। लेकिन कई बच्चे ऐसे होते हैं जो अपनी शैतानियों से माँ–बाप को परेशान कर देते हैं। बच्चों की शैतानियाँ जब हद से ज्यादा गुजर जाती हैं तो माँ–बाप अपने बच्चे पर हाथ उठाना शुरू कर देते हैं। एक बार जब माँ–बाप का हाथ उठना शुरू हो जाता है तो वह बच्चे पर एक आदत सा बन जाता है। हालांकि माँ–बाप का इरादा बस इतना होता है कि बच्चे उस गलती को बार–बार न दोहराएं। आप और हम अक्सर यह सोचते हैं कि बच्चे को हम पीट दिया अब वो कोई गलती नहीं करेगा। लेकिन क्या आप यह जानते हैं कि बच्चों को पीटकर सबक सिखाना बिल्कुल गलत है। बच्चों पर माता–पिता का हाथ उठाने का शारीरिक असर तो होता ही है लेकिन उससे ज्यादा बच्चे भावनात्मक स्तर पर प्रभावित होते हैं। बच्चों से मारपीट का असर गलत होता है इस बात का अहसास माता–पिता को तब होता है जब बच्चा गलत राह पर चला जाता है।

आज हम अपने पाठकों को उन दुष्परिणामों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो बच्चों पर हाथ उठाने से सामने आते हैंकृ

1. अक्सर बच्चे गलती करने के बाद होने वाली पिटाई से बचने के लिए झूठ बोलते हैं, इस तरह धीरे–धीरे झूठ बोलना उनकी आदत में शुमार हो जाता है। माता–पिता के लिए यह आवश्यक है कि वह बिना मारपीट किए बच्चे की इस आदत को सुधारें। अपने प्रेमपूर्वक व्यवहार से वे इस बात की जानकारी लें कि आखिर क्योंकर बच्चे ने झूठ बोला है। कारण जानने के बाद उसके साथ मारपीट न करें अपितु उसे प्यार से अपनी गलती का अहसास कराएँ।

2. बच्चों को मार–पीटकर माता–पिता उन पर नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास करते हैं, धीरे–धीरे वे माता–पिता के इस तरीके को सही मानने लगते हैं और फिर वे स्वयं यही काम अपने हमउम्र साथियों के साथ करने लगते हैं।

3. माता–पिता बच्चों के रोल मॉडल होते हैं और ज्यादातर बातें अपने माता–पिता और आसपास के अन्य लोगों से सीखते हैं। छोटी–छोटी बातों पर बच्चे को डांटने और मारने से उसके मन में डर बैठ जाता है। जिससे वह कोई भी काम सही तरीके से नहीं कर पाता है। उसे इस बात का अहसास होता है कि सही करने पर भी उसकी पिटाई होगी, जिसके चलते वह उस काम को सही नहीं कर पाता है।

4. बच्चों को मारने पर न केवल उन्हें शारीरिक पीड़ा होती है, बल्कि वे मानसिक रूप से भी आहत महसूस करते हैं।

5. कुछ माता–पिता ऐसे होते हैं, जो बात–बात पर बच्चों को उनकी गलती का अहसास कराने लगते हैं। धीरे–धीरे बच्चा भी यही सोचने लगता है कि वह बहुत बुरा इंसान है।

6. बच्चों के साथ मारपीट करने पर उनके आत्मविश्वास को गहरी चोट लगती है, जिससे उनका आत्मविश्वास कमजोर पडने लगता है।

7. बच्चों को जितना मारेंगे, वे उतनी ही ज्यादा गलतियां करेंगे और उनके मन में अपने और पैरेंट्स के प्रति हीनभावना पनपने लगती है। 8. बच्चों के साथ मारपीट करने वाले माता–पिता यह भूल जाते हैं कि उनके ऐसे व्यवहार से धीरे–धीरे बच्चा उनसे दूर होता चला जाएगा। 9. बार–बार मार खाने के बाद बच्चा भी ढीठ बन जाता है और किशोरावस्था आने तक वह पूरी तरह से विद्रोही हो जाता है। वह माँ–बाप की हर बात व समझाइश का विरोध शुरू कर देता है। 10. बच्चों को पता रहता है कि वह चाहे जो कुछ भी गलत करें, उसकी पिटाई तो होनी ही है। फिर वह हर काम अपने मन का ही करता है।